ऑनलाइन संस्करण: http://workerdiaries.org/gwdiaries/india/story_html5.html

GARMENT WORKER DIARIES

मेरे कपड़े कौन बनाता है? भारत से एक रिपोर्ट

हम सभी कपड़े पहनते हैं. इनमें से ज्यादातर कपड़ों का उत्पादन दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया के कारखानों में होता है, इससे फर्क नहीं पड़ता कि उन कपड़ों को कौन खरीदता है और कौन पहनता है. यही वजह है कि हमारे पार्टनर "फैशन रिवॉल्यूशन" लोगों को प्रेरित करते हैं कि लोग खुद से एक सवाल पूछें:

"कौन बनाता है हमारे कपड़े?"

हमने इसी सवाल का उत्तर जानने के लिए भारत के कर्नाटक राज्य के बेंगलुरु जिले में रहने और काम करने वाले कपड़ा मजदूरों के रहन-सहन और उनकी आर्थिक स्थिति पर डेटा एकत्र किया। इस काम के लिए शोधकर्ताओं की टीम एक साल तक 180 कपड़ा मजदूरों से हर हफ्ते मिली। शोधकर्ताओं ने ये आकड़ें इकट्ठा किये कि एक मजदूर ने हर हफ्ते कितनी कमाई की और कितना खर्च किया। साथ ही ये भी देखा कि मजदूरों ने कितने घंटे काम किया और उनकी फैक्ट्री में काम के लिए परिस्थितियां कैसी है। उन्होंने दूसरे डेटा भी इकट्ठा किए, जैसे खाद्य सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता और कार्यस्थल सुरक्षा. अध्याय 1 विस्तार से बताएगा कि हमने किस तरह का डेटा इकठ्ठा किया है और कैसे किया है।

GARMENT WORKER DIARIES

मेरे कपड़े कौन बनाता है? भारत से एक रिपोर्ट

हमने इस रिपोर्ट को इस तरह से डिज़ाइन किया है ताकि आप इसका विस्तार से पता लगा सकें। आप इसे हमारे प्रस्तुत किये गए आर्डर में पढ़ सकते हैं, या आप नेविगेशन बटन का इस्तेमाल कर अपनी रुचि के हिसाब से मनचाहे विषय पर जा सकते हैं। चाहे आप कुछ भी पसंद करें, लेकिन हर अध्ययन में आपको मजदूरों के जीवन के बारे में महत्वपूर्ण निष्कर्ष मिलेंगे।

चैप्टर 2: कार्य के घंटे और मजदूरी

- बेंगलुरु में हुए हमारे अध्ययन के अनुसार यहाँ कपड़ा मजदूरों ने क़ानूनी रूप से एक हफ्ते में मान्यता प्राप्त अधिकतम कार्य घंटों से कम काम किया है, जो औसतन 46 घंटे हर सप्ताह है।
- सत्तासी (87) प्रतिशत महिलाओं ने कम से कम न्यूनतम मजदूरी पाई ही है।
- मजदूरों के वेतन से राज्य स्वास्थ्य बीमा और पेंशन कार्यक्रमों के लिए अनिवार्य कटौती भी होती थी।

नोट: पीडीएफ में उपर्युक्त क्रियात्मकताओं की नकल करने के लिए, कृपया बुकमार्क्स टैब का उपयोग करें।

GARMENT WORKER DIARIES

मेरे कपड़े कौन बनाता है? भारत से एक रिपोर्ट

- चैप्टर 3 : खर्चे
  - मजदूरों ने अपने ज्यादातर पैसे खाने और घरेलू जरूरत की चीजों में खर्च किये हैं।
  - जिन महिलाओं पर घर का किराया देने की जिम्मेदारी थी उन्होंने उन महिलाओं की तुलना में, जिनके ऊपर घर का किराया देने की जिम्मेदारी नहीं थी, बुनियादी चीजों पर कम खर्च किया।
- चैप्टर 4 : कैश और वित्तीय बोझ का प्रबंधन
  - मजदूरों को जरूरत है कि वो ऐसे वित्तीय उपायों का इस्तेमाल करें, जिससे वो अपनी आय और खर्च के बीच संतुलन बना सकें। ऐसे दो उपाय हैं, जिनका इस्तेमाल उन्होंने बहुतायत से किया, बचत (घर पर बचत) और अपने पति से नकद ट्रांसफर.
  - पतियों से नकद ट्रांसफर से फायदा है कि वे अपनी सामान्य जरूरतों को पूरा कर सकती हैं, जो कपड़ा मजदूरों को निम्न मध्य वर्ग में ले आती है।
  - इसके बाद भी मजदूरों को थोड़ी गरीबी का सामना करना पड़ता है। जिसका नकारात्मक प्रभाव उनके हितों पर पड़ता है। उदाहरण के लिए - एक तिहाई मजदूरों ने बताया कि एक साल के दौरान जरूरत से कम खाना या खाने की कमी का सामना करना पड़ा।

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

मेरे कपड़े कौन बनाता है? भारत से एक रिपोर्ट

- चैप्टर 5 : कारखानों की जिंदगी
  - आमतौर पर अध्ययन में ये पाया गया कि बांग्लादेश और कंबोडिया की तुलना में बेंगलुरु की मिलों में सुरक्षा परिस्थितियां बेहतर थीं। यहां हादसे न के बराबर देखने को मिले।
  - हालांकि, मौखिक अपशब्द सुनना आम बात है। हमारे मजदूर उत्तरदाताओं ने नियमित रूप बताया कि सुपरवाइजर ने उनको अपमानित और प्रताड़ित किया।

इंटरव्यू के दौरान पता चला कि बांग्लादेश और कंबोडिया के मजदूरों की परिस्थितियां और आय की तुलना में भारत के मजदूर बेहतर जीवन व्यतीत कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें रोज ही अन्याय का सामना करना पड़ता है। अधिक समय तक सिलाई मशीन पर काम करने का नतीजा ये है कि उन्हें शरीर में बराबर दर्द बना रहता है और उन्हें अपने लिए और अपने परिवार के लिए समय निकलाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। चैप्टर 6, आप कुछ महिलाओं की कहानियां विस्तार से पढ़ सकते हैं ।

GARMENT WORKER DIARIES

कौन कपड़े बनाता है? भारत से एक रिपोर्ट

जब आप इस रिपोर्ट को पूरी तरह पढ़ लेंगे तो हमारी उम्मीद है कि आप रोजमर्रा के पहनावे और फैशन पर होने वाली मानवीय लागत को समझ पाएंगे। और उम्मीद है कि इस जानकारी के इस्तेमाल से कपड़े कहाँ से और कैसे खरीदते हैं, उसे बदलकर या फिर उनके हितों की वकालत करके आप मजदूरों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद कर पाएंगे। शुरुआती तौर पर हम आपको प्रोत्साहित करना चाहते हैं कि आप कपड़ों के ब्रांड्स को यहां क्लिक करके बताएं कि आपने क्या सीखा है। इस रिपोर्ट में योगदान करने वाली 180 महिलाओं का धन्यवाद।

एरिक नोगल, रिसर्च डायरेक्टर, एमएफओ
कॉनर गालाघर, रिसर्च एसोसिएट, एमएफओ
गाय स्टुअर्ट, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, एमएफओ

यहां

GARMENT WORKER DIARIES

चैप्टर 1: परियोजना की पृष्ठभूमि

कपड़ा मजदूर डायरी बांग्लादेश, कंबोडिया और भारत में रहने वाली लगभग 540 महिला कपड़ा मजदूरों के एक साल जीवन का अध्ययन है। एमएफओ ने भारत में 180 महिलाओं का साक्षात्कार किया जो मैसूर रोड के किनारे रहती थीं। ये सड़क पूर्वोत्तर और दक्षिण-पश्चिम को बेंगलुरु के दक्षिण-पश्चिम किनारे से जोड़ती है। हालाँकि कपड़ा मजदूरों का ये सैंपल बेंगलुरु के कपड़ा मजदूरों या भारतीय कपड़ा मजदूर का सांख्यिकीय रूप से प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

GARMENT WORKER DIARIES

परियोजना सहभागी

कपड़ा मजदूर डायरी का नेतृत्व अमेरिका की एक गैर-लाभकारी संस्था माइक्रोफाइनांस अपोरच्युनिटीस (एमएफओ) में किया गया था जो कम आय वाले घरों के व्यवहार पर शोध करता है। फैशन रिवॉल्यूशन ने इस प्रोजेक्ट में कपड़ा मजदूरों के हितों की वकालत और उनके लिए आगे आने के लिए किये गए प्रयासों का समर्थन किया है. इस प्रोजेक्ट को सीएंडए फाउंडेशन ने फण्ड दिया था, जो हमारे कपड़े बनाने वाले पुरुषों और महिलाओं के जीवन में सुधार के लिए फैशन उद्योग को बदलने के प्रयासों का समर्थन करता है।

MFO microfinance opportunities

FASHION REVOLUTION

C&A Foundation

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

कपड़ा मजदूर डायरी क्या है?

कपड़ा मजदूर डायरी एक साल का शोध प्रोजेक्ट था, जिसमें करीब 540 कपड़ा मजदूरों के जीवन पर डेटा एकत्र किया गया। इन मजदूरों को बांग्लादेश, कंबोडिया और भारत के बीच समान रूप से बांटा गया था। प्रोजेक्ट का उद्देश्य कपड़ा मजदूरों के आर्थिक हालात को उजागर करना था। प्रोजेक्ट 2016 की गर्मियों से 2017 की गर्मियों तक चला। साप्ताहिक साक्षात्कारों के माध्यम से, एमएफओ ने मजदूरों की कमाई और खर्च के साथ-साथ उनके जीवन-स्तर और कामकाजी परिस्थितियों पर आंकड़े जुटाए।

यही देश क्यों ?

GARMENT WORKER DIARIES

यही देश क्यों ?

एमएफओ और सीएंडए फाउंडेशन ने तीन देशों का चयन किया जो प्रमुख कपड़ा उत्पादक हैं और कपड़ा उद्योग उनकी अर्थव्यवस्थाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है.

विश्व बैंक के सबसे ताजे आकड़ों के अनुसार, अमेरिकी डॉलर में बात करें तो बांग्लादेश 2015 में कपड़ों का दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक था. भारत इसका तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक था, जबकि कंबोडिया चौदहवां सबसे बड़ा निर्यातक था. बांग्लादेश के कुल निर्यात में 90% कपड़ों के निर्यात होता है, जबकि कंबोडिया में यह 65 प्रतिशत और भारत में **14** प्रतिशत है. सभी निर्यातों की बात करें तो कपड़ों और परिधानों के मामले में बांग्लादेश पहले और कंबोडिया तीसरे जबकि भारत चौथे स्थान पर रहा है.

इसके अतिरिक्त, सीएंडए फाउंडेशन ने इन देशों में अन्य देशों के बीच गतिविधियों को प्राथमिकता दी है.

विश्व बैंक

GARMENT WORKER DIARIES

डेटा लेने की प्रणाली

कपड़ा मजदूर डायरी में वित्तीय डायरी पद्धति का उपयोग किया गया, जो कि पैनल सर्वे प्रणाली है, जिसमें हर हफ्ते प्रतिभागियों की आर्थिक गतिविधियों का डेटा इकट्ठा किया जाता है। हमारी शोध टीम ने मजदूरों की कमाई और खर्च, काम की स्थिति, रोज के कार्यक्रम, स्वास्थ्य और उनके जीवन में होने वाली प्रमुख घटनाओं के बारे में विस्तार से सवाल पूछे। इसके अलावा टीम ने तीन क्रॉस-सेक्शनल सर्वे भी किए, जिसमें वित्तीय साक्षरता, फैक्ट्री की स्थिति, खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे विषयों को शामिल किया गया। मजदूरों के अनुभवों को सही ढंग से समझने के लिए एमएफओ ने हर देश में 36 इन-डेप्थ साक्षात्कार भी किए,जिसके लिए छोटा सैंपल चुना गया था।

वित्तीय डायरी

GARMENT WORKER DIARIES

बेंगलुरु और भारतीय कपड़ा क्षेत्र

कपड़ों की आपूर्ति चेन का समर्थन करने वाले उद्योगों की विशेषताएं, क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग हैं। इसलिए इस रिपोर्ट में मौजूद आंकड़ों को भारत के कपड़ा उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाला नहीं माना जाना चाहिए।

उदाहरण के लिए, उत्तरी भारत के कपड़ा क्षेत्र में महिलाओं की बजाय पुरुषों का वर्चस्व है। दक्षिण भारतीय क्षेत्र में महिलाएं हावी हैं, हालांकि राज्यों और शहरों के बीच काम करने के माहौल और रहन-सहन में काफी अंतर है। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु राज्य का तिरूपुर शहर। ये पूर्व दिशा में कर्नाटक का पड़ोसी है और सुमंगली योजना के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ युवा महिलाएं विश्रामालय में रहती हैं और मजदूरी करती हैं, लेकिन उन्हें अनिवार्य रूप से तीन से पांच साल कताई मिल या कपड़ा मिल में काम करना पड़ता है। कॉन्ट्रैक्ट के अंत में मालिक उन महिलाओं को एकमुश्त पैसे देते है, जिसे वे दहेज के रूप में उपयोग कर सकती हैं। यह प्रणाली प्रभावी रूप से दास प्रथा का एक आधुनिक रूप है और गंभीर मानवीय और मजदूर अधिकारों का मुद्दा भी है। यह प्रणाली बेंगलुरु में प्रचलित नहीं है, जहां कपड़ा कारखाने अक्सर बड़े हैं और निर्यात के लिए उत्पाद बनाने पर केंद्रित है।

GARMENT WORKER DIARIES

सैंपल बनाने की प्रक्रिया

एमएफओ ने पांच चरणों में सैंपल निर्धारित किया

1. कपड़ा मजदूर के रहने वाले इलाकों और कार्य प्रवृत्तियों को समझा
2. उन इलाकों की पहचान की, जहाँ कपड़ा मजदूर को बहुतायत से रहते हैं।
3. उन इलाकों का रैंडम चयन किया जहाँ से मजदूरों को सर्वे के लिए चुनना था।
4. उन क्षेत्रों में उत्तरदाताओं का रैंडम चयन किया।
5. पहले से तय मानदंडों के आधार पर सुनिश्चित किया कि जिनका चुनाव किया गया है, वे अध्ययन के लिए अच्छे उम्मीदवार हैं या नहीं।

विस्तृत सैंपलिंग प्रक्रिया

GARMENT WORKER DIARIES

विस्तृत सैंपलिंग प्रक्रिया

एमएफओ की वित्तीय डायरी सैंपलिंग प्रक्रिया तीन प्राथमिकताओं को संतुलित करती हैं:

1. व्यवहार्यता: साक्षात्कारों को बार-बार करने कि जरुरत को देखते हुए जगह का चयन इस तरह से किया जाना था ताकि शोधकर्ता एक मजदूर से दूसरे मजदूर के घर आसानी से पहुंच सकें. ये जगह मजदूर के घर और शोधकर्ता के घर के बीच की दूरी के अनुसार हो सकती है.
2. प्रतिनिधि: नमूना व्यापक होना चाहिए था ना कि सांख्यकी के आधार पर आबादी के प्रतिनिधित्व के आधार पर.
3. स्थिरता: एक सफल अध्ययन के लिए आवश्यक है कि जो लोग इसमें शामिल हों, वो पूरे एक साल तक रहें . इस अध्ययन में उन्हें शामिल करना था जो एक साल तक कहीं जाने वाले ना हों.

एमएफओ ने इन बातों को ध्यान में रख कर पांच चरणों की सैंपलिंग प्रक्रिया का इस्तेमाल किया था.

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

सैंपलिंग प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी

चरण 1: कपड़ा मजदूरों के स्थान और प्रवृत्तियों पर प्राथमिक और द्वितीयक शोध

टीमों को प्राथमिक और द्वितीयक शोध करने के लिए कहा गया था, जिसमें यह पता लगाना था कि देश के किस राज्य या जिले में कपड़ा कारखानें ज्यादा हैं. इन क्षेत्रों के भीतर, एमएफओ ने शोधकर्ताओं से कहा कि वे कपड़ा मजदूर की बुनियादी जानकारी एकत्र करें जो शोध के लिए सैंपलिंग करने की रणनीति बनाने में मदद करेंगी.टीमों ने कई जानकारियां जुटाई जैसे काम पर जाने और लौटने का समय, कारखानों पर या उसके पास साक्षात्कार देने की रुचि, उत्तरदाताओं के घरों से फैक्ट्री की दूरी, क्या मजदूर फैक्ट्री की डॉर्मिटरीज़ में रहते थे या नहीं, और कितनी संभावना है कि मजदूर वहां से पलायन कर जायेगा.

GARMENT WORKER DIARIES

सैंपलिंग प्रक्रिया का विवरण

चरण 2: पर्पोसिव सैंपलिंग मेजर और माइनर प्रशासनिक इकाइयां

एमएफओ ने जानबूझकर हर देश की ऐसी प्रशासनिक इकाइयां चुनीं, जहाँ कपड़ा कारखानों बहुतायत से हों.आमतौर पर, ये प्रशासनिक इकाइयां महानगरीय शहर, जिले या प्रांत थे. इन प्रमुख प्रशासनिक इकाइयों में, एमएफओ ने जानबूझकर माइनर प्रशासनिक इकाइयां चुनीं, जिनमें कपड़ा कारखानों या कपड़ा कर्मचारी घर बहुतायत से हों.

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

सैंपलिंग प्रक्रिया का विवरण

चरण 3: माइनर प्रशासनिक इकाइयों में एनुमेरटर क्षेत्र का चयन

अनुसंधान टीम ने एनुमेरटर क्षेत्रों की सूची बनाई- इसे मानकीकृत करने के लिए जनगणना डेटा का इस्तेमाल किया गया. एमएफओ ने एनुमेरटर क्षेत्र का चयन रैंडमली किया जहाँ टीम ने नामांकन प्रक्रिया की.

GARMENT WORKER DIARIES

सैंपलिंग प्रक्रिया विवरण

चरण 4: रैंडम भागीदारी रैंडम चहलकदमी से पहचान

हर एनुमेरटर क्षेत्र में, टीम ने जवाब देने वाले संभावित लोगों को पहचानने के लिए एक रैंडम वाक की. इसके लिए एक ऐसे रैंडम स्थान को चुना जहां से वाक शुरू की.फिर दायें हाथ की तरफ के घरों को देखते हुए वाक शुरू की. अपने रास्ते में पड़ने वाले घरों को स्किप विधि का इस्तेमाल करके चुना.अगर आसान शब्दों में बात करें तो टीम के सदस्य हर घर पर नहीं गए. उन्होंने एक घर पर बात करने के बाद नए घर पर जाने से पहले कुछ निश्चित घरों / अपार्टमेंट इकाइयों को छोड़ दिया. रैंडम वाक और स्किप करने से उत्तरदाता के चयन में संभावित पक्षपात को कम करने में सहायता करता है.

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

सैंपलिंग प्रक्रिया विवरण

चरण 5: उत्तरदाता का चयन और स्क्रीनिंग

एनुमेरटर्स यदि संख्या एक से अधिक होती थी तो शोधकर्ता ने उस घर में रहने वाली एक महिला कपड़ा मजदूर को रैंडम रूप से चुनने के लिए एक किश ग्रिड का इस्तेमाल किया. अगर घर में केवल एक कपड़ा मजदूर रहती थी, तो शोधकर्ता ने उसे स्क्रीनिंग प्रक्रिया के लिए चुन लिया था.

GARMENT WORKER DIARIES

स्क्रीनिंग प्रक्रिया

एमएफओ ने एक स्थिर सैंपल बनाने के लिए, निम्नलिखित मानदंडों का इस्तेमाल किया-

1. पूर्णकालिक या अंशकालिक स्थिति: केवल पूर्णकालिक कर्मचारी चुने गए थे

2. मजदूर का कार्यक्रम: मजदूर की साक्षात्कार के लिए उपलब्धता सुनिश्चित होना

3. नौकरियों को बदलने या यात्रा की योजना: एमएफओ ने उन व्यक्तियों को स्क्रीनिंग से बाहर कर दिया जिन्होंने बताया था कि वे मिल को छोड़ने या अगले एक साल में एक महीने से ज्यादा समय के लिए कहीं जाने वाले थे क्योंकि इन लोगों के सर्वे बीच में छोड़ने की आशंका सबसे ज्यादा थी.

4. मोबाइल फोन का स्वामित्व / पहुंच: ये कोशिश की गई कि जिनके पास मोबाइल फ़ोन हो या उससे बात करने के लिए उसके किसी करीबी के पास फ़ोन हो ताकि साक्षात्कार होने पर समय-समय पर पहुंचने के लिए सूचित किया जा सके और जरुरत होने पर साक्षात्कार के लिए तैयार करना था.

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

सैंपल विवरण

जो महिलाएं इस अध्ययन में शामिल हैं वो मैसूर रोड पर रहती थीं। ये रोड उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम से लेकर बेंगलुरु तक जाती है। इस अध्ययन में शामिल आधी से अधिक महिलाओं की उम्र लगभग 30 के आस-पास थी। उनमें से 87 प्रतिशत विवाहित थीं। दो तिहाई महिलाएं अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी कर चुकीं थीं और वे आम तौर पर अपने पति और बच्चों के साथ चार कमरों वाले घरों में रहती थीं। बुनियादी घरेलू सामान- जैसे टेबल, कुर्सियां, और खाना पकाने के बर्तन- आमतौर पर सभी के पास थे, लेकिन रेफ्रिजरेटर या मोटर वाहन जैसी विलासिता की वस्तुएं नहीं थीं।

जहां पर ये महिलाएं रहती थीं , वहां अलग-अलग तरह के घर थे। उदाहरण के लिए, बेंगलुरु शहर के सबसे नज़दीकी क्षेत्र में ज्यादात्तर महिलाएं अपार्टमेंट में रहती थीं जबकि शहर से दूर रहने वाली महिलाएं सामान्य घरों में रहती थीं । जिन घरों में ये मजदूर रह रहे थे उन घरों का निर्माण आम तौर पर अच्छा था, दीवारें आमतौर पर ईंट और पत्थर की थीं और छत कंक्रीट या टाइल्स से बनी थीं। केंगेरी, बिडदी और रामनगरा में रहने वाले लोगों को प्रति दिन लगभग 22.5 घंटे बिजली मिलती थी, लेकिन अन्य जगहों पर रहने वाले लोगों को इनके मुकाबले प्रति दिन चार घंटे कम बिजली मिलती थी। अधिकतर घरों में सप्लाई का पानी पहुंचता था।

जनसांख्यिकी डेटा | रहन- सहन की स्थिति | हाउसिंग गैलरी

GARMENT WORKER DIARIES

स्थान

अध्ययन में शामिल 180 महिलाएं मैसूर रोड के 6 क्षेत्रों में रहती थीं . प्रोजेक्ट में तार्किकता के कारण, हर क्षेत्र में 30 महिलाएं थीं. इनमें सबसे नजदीक केन्गेरी था जो बेंगलुरु शहर के किनारे स्थित है. हर चयनित स्थान की एक-दूसरे से कार के द्वारा दूरी 30 से 45 मिनट की है.



©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

आयु



GARMENT WORKER DIARIES

वैवाहिक स्थिति



GARMENT WORKER DIARIES

शिक्षा मिली



GARMENT WORKER DIARIES

घरेलू परिसंपत्तियां



©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

निवास प्रकार



* यह संक्षिप्त नाम रामनगरा के लिए है.
** यह संक्षिप्त नाम चन्नपटना के लिए है.

GARMENT WORKER DIARIES

दीवार सामग्री



* यह संक्षिप्त नाम रामनगरा के लिए है.
** यह संक्षिप्त नाम चन्नपटना के लिए है.



GARMENT WORKER DIARIES
छत सामग्री
* यह संक्षिप्त नाम रामनगरा के लिए है.
** यह संक्षिप्त नाम चन्नपटना के लिए है.
एसीसी सीमेंट शीट
ठोस
तंतुमय सीमेंट
जस्ती धातु
मिश्रित धातु, टाइलें, और सीमेंट
मिश्रित घास, और बचाए गए आइटम
अन्य
प्लास्टिक शीट
जस्ती आइटम
टाइल्स
उत्तरदाताओं का अनुपात
100%
80%
60%
40%
20%
0%
केनगेरी
बिडदी
रम.*
चन.**
मद्दुर
मांड्या
43%
7%
10%
7%
27%
67%
10%
10%
7%
43%
13%
7%
7%
27%
13%
10%
10%
53%
7%
20%
67%
27%
73%

GARMENT WORKER DIARIES
सरकारी बिजली तक पहुँच
एक्सेस की औसत लंबाई (घंटे)
20
15
10
5
0
* यह संक्षिप्त नाम रामनगरा के लिए है.
** यह संक्षिप्त नाम चन्नपटना के लिए है.
केंगेरी
बिडदी
रम.*
चन.**
मद्दुर
मांड्या



GARMENT WORKER DIARIES

प्राथमिक जल स्रोत



GARMENT WORKER DIARIES

रहने की स्थिति


मांड्या में एक कपड़ा मजदूर के लिए खाना पकाने का क्षेत्र

GARMENT WORKER DIARIES

रहन- सहन की स्थिति



GARMENT WORKER DIARIES

रहन- सहन की स्थिति



©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

रहन- सहन की स्थिति

बिठदी में अपार्टमेंट भवनों की एक श्रृंखला, जहां कपड़ा मजदूर और उनके परिवार रहते हैं

GARMENT WORKER DIARIES

रहन- सहन की स्थिति

रामनगरा में एक उत्तरदाता के घर के बाहर. इस क्षेत्र में मजदूरों के घर इसी तरह के हैं.

रहन- सहन की स्थिति

चन्नपटना में उत्तरदाता छुट्टी के दिन अपनी सासू मां के साथ बर्तन धुलती हुई.

GARMENT WORKER DIARIES

अध्याय सारांश का अंत

भारतीय कपड़ा मजदूर डायरी कर्नाटक राज्य के बेंगलुरु जिले के मजदूरों के बारे में है इसीलिए अध्ययन के परिणाम को पूरे भारतीय कपड़ा क्षेत्र का नहीं माना जाना चाहिए.

इस अध्ययन में 180 महिलाओं को शामिल किया गया जो मैसूर रोड पर रहती थी ये महिलाएं आम तौर पर 30 की उम्र की थीं, और विवाहित थीं और उन्होंने अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी की थी.

वे अपने पति और बच्चों के साथ अच्छी तरह से बने घरों में रहती थी, आमतौर पर इन घरों में नल और बिजली की सुविधा थी. लगभग सभी महिलाएं टेबल, कुर्सियां, स्टोव, पंखे, मोबाइल फोन और टीवी जैसे मूलभूत वस्तुओं का उपयोग करती थीं . लक्जरी सामान, जैसे रेफ्रिजरेटर या वाहन, ये बहुत कम लोगों के पास थे.

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

अध्याय 2 : मजदूरी

बेंगलुरु में महिलाओं को उनके पद के हिसाब से न्यूनतम वेतन दिया जाना चाहिए. अधिकतर मजदूरों के लिए, यह कानूनी मजदूरी 7,000 और 8,000 रुपए के बीच है, जो 33.65 और 38.46 रुपए के बीच की प्रति घंटा की दर के बराबर है. अधिकतर मजदूरों को उनके पद के लिए न्यूनतम के बराबर या उससे अधिक मजदूरी मिली है. इसके अलावा, कुछ मजदूरों को साल में बोनस मिला, और सभी को राज्य बीमा कार्यक्रम और पेंशन फंड में भुगतान भी दिया जाता है.

GARMENT WORKER DIARIES

कार्य के घंटे और मजदूरी

एक गैर-सरकारी संगठन "द सर्कल" ने "फैशन फ़ोकस: द फंडामेंटल राइट टू ए लिविंग वेज" नाम की रिपोर्ट में कपड़ा उत्पादक देशों में श्रम कानून की समीक्षा करते हुए लिखा है कि भारत में कई कानून हैं, जो ये निर्धारित करते हैं कि कर्मचारी कितने लंबे समय तक काम कर सकते हैं, लेकिन कपड़ा क्षेत्र में उन सभी का कहना है कि एक सामान्य कार्य सप्ताह 48 घंटे का है. कर्नाटक राज्य में, जहां यह अध्ययन हुआ, वहां ओवर टाइम की समय सीमा भी निर्धारित की है जो कि एक दिन में एक घंटे है यानी एक कवार्टर में कुल 50. इससे ओवरटाइम बढ़ाने पर प्रभावी रूप से रोक लगाती है और ये प्रति सप्ताह छह घंटे तक हो सकता है. अन्य राज्यों में प्रति दिन 12 घंटे (या प्रति सप्ताह कुल 60 कार्य घंटे) ओवरटाइम के हो सकते हैं.

भारत में राष्ट्र स्तर पर न्यूनतम मजदूरी तय नहीं है, और इसके लिए राज्य व्यक्तिगत स्तर पर न्यूनतम मजदूरी तय करने के लिए जिम्मेदार है जो अक्सर रोजगार के प्रकार के अनुसार अलग-अलग होते है.

हालांकि कोई वेतन निर्धारित नहीं है, लेकिन न्यूनतम मजदूरी अधिनियम (1948) मजदूरी की कई आवश्यकताओं को निर्धारित करता है, जैसे कि पेंशन फंड योगदान को मजदूरी की गणना में शामिल नहीं किया जा सकता है, लेकिन रहने के लिए भत्ते को वेतन में जोड़ा जा सकता है. इसके अलावा नौकरी देने वाले मजदूरी की कटौती भी कर सकते हैं जैसे अनुपस्थिति के मामले में. न्यूनतम मजदूरी, घंटे, दिन या महीने के हिसाब से भी तय की जा सकती है. कई कानूनों में यह भी कहा गया है कि ओवरटाइम में मजदूरी सामान्य से दोगुनी देनी होती है.

पदनाम और रोज़गार की स्थिति

काम के घंटे और वेतन डेटा

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

पदनाम सहायक

कर्नाटक राज्य में, सरकार ने वस्त्र उद्योग के लिए न्यूनतम मजदूरी दर तय की है. न्यूनतम मजदूरी कारखाने में कामगारों के पद और जहां मजदूर रहते हैं, उसके हिसाब से अलग-अलग होती है.

हमने मजदूरों से उनकी भूमिका और पदनाम के बारे में पूछा. वे सुपरवाइजर, चेकर्स, कटर, सहायक, प्रेसर्स / इस्त्ररर्स, और दर्जी थे, जिनमें से सभी भूमिकाएं राज्य के आधिकारिक पदनामों से मेल खाती थीं. हालांकि, वहां तीन दर्जी ग्रेड है और कर्मचारियों को अपने ग्रेड नहीं बताये गए थे. इसके अलावा, 13 कर्मचारियों ने अपना पद "केबी ऑपरेटर" बताया लेकिन यह राज्य के औपचारिक पदनाम से मेल नहीं खाता.



GARMENT WORKER DIARIES

न्यूनतम मजदूरी दरें

न्यूनतम मजदूरी दरों को पदनाम और इलाके द्वारा निर्धारित किया जाता है. नीचे उत्तरदाताओं के पदनामों की एक सूची है, वे जिन क्षेत्रों में काम करते हैं, और उनकी न्यूनतम मजदूरी. ""एन/ए"" के साथ प्रविष्टि यह दर्शाता है कि उस पदनाम का कोई उत्तरदाता नहीं था.

	बैंगलोर मेट्रो क्षेत्र (रुपये)	जिला राजधानियां (रुपये)	अन्य (रुपये)
पर्यवेक्षक	एन/ए	एन/ए	8,397.60
परीक्षक	7,708.40	7,578.40	7,448.40
काटने वाला	एन/ए	एन/ए	7,214.40
सहायक	एन/ए	7,344.40	7,214.40
K.B. ऑपरेटर	7,474.40	7,344.40	7,214.40
लेयरेर	7,786.40	एन/ए	7,526.40
कोल्हू	एन/ए	एन/ए	7,448.40
दर्जी	7,474.40	7,344.40	7,214.40

GARMENT WORKER DIARIES

रोज़गार की स्थिति

परियोजना शुरू करने वाली 180 महिलाओं में से 96 प्रतिशत ने प्रोजेक्ट में पूरे समय फुल टाइम काम किया. बाकि उत्तरदाताओं ने प्रोजेक्ट के दौरान अपनी नौकरी छोड़ दी थी या कपड़ा उद्योग में दोबारा आने से पहले लम्बी छुट्टी ले ली थी.

निम्न आंकड़े उन महिलाओं पर लागू होते हैं, जिन्होंने ने पूरे प्रोजेक्ट में पूरे समय काम किया.



GARMENT WORKER DIARIES

काम के घंटे की अस्थिरता

महिलाओं ने बताया कि उन्होंने हफ्तों में 46 घंटे काम किया और ये औसत स्थान और नौकरी के पदों के हिसाब से सुसंगत था.

अध्ययन के दौरान काम करने वाले औसत घंटों को देखकर पता चलता है कि हफ्ते में 48 घंटे का काम कराने के नियम का सम्मान काफी हद तक नियोक्तायों ने किया, और यह असामान्य नहीं था कि मजदूर को इस अधिकतम काम से कम काम करना चाहिए.



©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

ओवरटाइम घंटे

व्यक्तिगत कार्य सप्ताहों का वितरण यह भी दिखाता है कि ओवरटाइम बहुत असामान्य था. 93 प्रतिशत सप्ताहों में, महिलाओं ने 48 घंटे या उससे कम काम किया. महिलाओं ने लगभग छह प्रतिशत सप्ताह में 48 घंटे से अधिक काम किया; हालांकि, अधिक समय के हफ्तों में, महिलाओं ने राज्य के कानून द्वारा अनुमति दी गई प्रति सप्ताह छह घंटे से अधिक काम किया.

यहां तक कि इन संभावित उल्लंघनों के साथ, बेंगलुरु की महिलाएं तीनों देशों में सबसे कम औसत घंटे का काम करती थीं. यहां कम से कम ओवर टाइम काम करने की संभावना थी.



GARMENT WORKER DIARIES

वेतन की संरचना

हमारे सैंपल में कपड़ा मजदूरों ने बताया कि उनके नियमित वेतन में तीन मुख्य घटक शामिल हैं: उनका मासिक वेतन, कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) में अनिवार्य योगदान, और भविष्य निधि (पीएफ, राज्य पेंशन कार्यक्रम) में अनिवार्य योगदान. इन तीनों भुगतानों को जोड़कर करीब 8,000 रुपए मिलते थे. हालांकि, मजदूर अपने घर करीब 7,000 रुपए लेकर जाते हैं क्योंकि ईएसआई और पीएफ खुद ब खुद हर महीने उनके कुल वेतन से काट लिए जाते थे. जैसा कि पहले कहा गया है, इस कटौती के तकनीकी रूप से फायदे हैं, और इन्हें न्यूनतम मजदूरी की गणना में शामिल नहीं किया जाता है.

लगभग 80 मजदूरों को एक साल के दौरान एक बोनस प्राप्त हुआ, जो कि लगभग 5,500 रुपए था. ये बोनस अक्टूबर 2016 के दौरान दिवाली सहित कई छुट्टियों से ठीक पहले मिला था.



GARMENT WORKER DIARIES

प्रत्यक्ष भुगतान और कटौती

बांग्लादेश और कंबोडिया के ज्यादातर कपड़ा मजदूर से उलट भारत में जिन मजदूरों से हमने बात की थी उन्होंने बताया कि उनका वेतन उनके बैंक खाते में जमा होता है. विश्व के दूसरे हिस्सों के वेतनभोगी कर्मचारियों की तरह ही पीएफ और ईएसआई योगदान कटौती भी होती है.

हालाँकि मजदूरों को डिजिटल रूप से भुगतान किया गया था लेकिन वे ऐसे समुदायों में रहते थे जो नकद पैसे में लेनदेन करते हैं, जिसका मतलब है कि हर भुगतान के लिए कर्मचारियों को एटीएम से पैसा वापस निकालना पड़ता. यह कुछ के लिए एक चुनौती थी: कुछ मजदूरों के लिए एटीएम बहुत दूर थे, कतारें लंबी हो सकती थीं, और एटीएम से कभी-कभी पैसे खत्म हो जाते थे. इन चुनौतियों को इसी से समझा जा सकता है कि ज्यादातर महिलाओं ने वेतन मिलने के तुरंत बाद ही एक ही बार एटीएम में जाकर पूरा पैसा निकाल लेती थीं.

GARMENT WORKER DIARIES

प्रति घंटा वेतन गणना

घर तक जाने वाला पैसा मजदूरी को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण मानक है क्योंकि यह पैसा सीधा मजदूरों की जेब में जाता है. यह समझना भी महत्वपूर्ण है कि क्या मजदूरों को वेतन निर्धारित एक घंटे की न्यूनतम मजदूरी से मिलता है या नहीं. क्या कामगारों को लगातार और समय से भुगतान किया जाता है या नहीं.

एमएफओ ने सकल मजदूरी के आधार पर कर्मचारियों की प्रति घंटा मजदूरी की गणना की. इसमें से गैर-पात्र भुगतानों जैसे कि सरकारी पेंशन फंड को शामिल नहीं किया गया.

कर्नाटक राज्य द्वारा निर्धारित औपचारिक न्यूनतम मजदूरी दर की तुलना कानूनी मजदूरी दर से की जाती है. ऐसे मामलों में जहां कर्मचारी का पद जाना नहीं जा सकता है, एमएफओ ने तुलना के लिए न्यूनतम कानूनी मजदूरी का इस्तेमाल एक बेसिक बिंदु के रूप में किया. इससे एमएफओ न्यूनतम मजदूरी से नीचे काम करने वाले मजदूर की पहचान कर सका, लेकिन शायद वो वास्तविक वेतन ग्रेड के आधार पर उचित वेतन का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता था.

प्रति घंटा वेतन गणना यह मानकर की गई कि आमतौर पर एक कार्य सप्ताह में 48 घंटे या उससे कम कार्य घंटे होते हैं और राज्य के कानून के अनुसार काम किए जाने वाले किसी भी ओवरटाइट घंटे के लिए मजदूर को उनकी प्रति घंटा की दर से दोगुनी मजदूरी मिलती है.

प्रति घंटा वेतन डेटा

GARMENT WORKER DIARIES

घंटेवार वेतन

एक घंटे के आधार पर, महिलाओं ने 39.68 रुपए के बराबर राशि पाई और यह संख्या मजदूर के पदनामों से भिन्न है. दो कटर, जिन्हें अकुशल श्रमिक माना जाता है, प्रति घंटे केवल 30.75 रूपए कमाए, जबकि दो पर्यवेक्षकों ने प्रति घंटे 51.68 रूपए मिले. दर्जी, सबसे आम पदनाम, प्रति घंटे 39.93 रूपए कमाए.



GARMENT WORKER DIARIES

न्यूनतम मजदूरी

अधिकतर मजदूरों को प्रति घंटा मजदूरी मिली वो उनके पद के लिए न्यूनतम प्रति घंटा मजदूरी से बराबर या उससे अधिक थी. हालांकि, वर्ष के दौरान कुछ मजदूर ने न्यूनतम मजदूरी नहीं कमाई.



©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

अध्याय सारांश का अंत

हमारे सैंपल में ज्यादातर महिलाएं कारखानों में दर्जी के रूप में काम करती हैं, लेकिन महिलाओं ने कई अन्य भूमिकाओं में काम करने की भी सूचना दी है, जिसमें सुपरवाइजर और अकुशल कटर भी शामिल हैं.

अध्ययन शुरू करने वाली महिलाओं में से 96 प्रतिशत पूरे वर्ष पूरे समय तक कार्यरत रहीं. जब ये महिलाएं काम करती हैं, तो वे आमतौर पर 48 घंटे प्रति सप्ताह या उससे कम काम करती हैं, हर स्थिति की परवाह किए बिना, श्रम कानून के साथ उच्च स्तर का अनुपालन दर्शाता है.

कर्नाटक राज्य इन पदों के आधार पर इन महिलाओं के लिए कानूनी न्यूनतम वेतन निर्धारित की है. सबसे कम वेतन वाले पद के लिए हर मजदूर को प्रति घंटे 35 रूपए का वेतन मिलना चाहिए. हमारे सैंपल में महिलाएं प्रति घंटे लगभग 40 रूपए कमाती हैं, और पूरे साल 87% महिलाओं को न्यूनतम वेतन या उससे ज्यादा वेतन मिला.

जिन महिलाओं को कानूनी मजदूरी नहीं मिली, उन्हें ओवरटाइम के दौरान और अधिक पाने की उम्मीद नहीं थी, क्योंकि इन महिलाओं ने भी ओवरटाइम के घंटों के दौरान दुगने वेतन के बारे में बताया.

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

अध्याय 3: खर्च

औसतन महिलाओं ने अधिकतर पैसे भोजन के साथ-साथ घरेलू सामानों और बुनियादी सुविधाओं, स्वास्थ्य देखभाल पर खर्च किया. हालांकि सभी महिलाओं ने बिजली के बिल का भुगतान करने जैसे घर खर्चों का भुगतान करने की रिपोर्ट दी थी. जो महिलाएं घर के किराए का भुगतान करती थीं , उनके ऊपर उन महिलायों की तुलना में ज्यादा बोझ था, वे प्रति माह 1,600 रुपए ज्यादा खर्च करती थीं. इस अतिरिक्त खर्च के कारण उनके पास भोजन और अन्य मूलभूत वस्तुओं के लिए कम धन बचता है जो उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार कर सकता है.

GARMENT WORKER DIARIES

साप्ताहिक खर्च

निम्नलिखित स्लाइड अध्ययन के दौरान उत्तरदाताओं के खर्च की समीक्षा करेंगे. एमएफओ ने खर्च को निम्नलिखित समूहों में वर्गीकृत किया है:

1. खाद्य: बिना तैयार और तैयार भोजन
2. घर : किराया और उपयोगिता भुगतान
3. स्वास्थ्य और बुनियादी सेवाएं: स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता, परिवहन, शिक्षा और संचार / एयरटाइम
4. घरेलू सामान: दैनिक घरेलू सामान (सफाई की आपूर्ति, कपड़े, बर्तन, आदि)
5. ईंधन: एलपीजी, गैसोलीन, और ठोस ईंधन (लकड़ी, लकड़ी का कोयला, गोबर)
6. कृषि और निर्माण: उर्वरक, कीटनाशकों, अन्य कृषि आदानों, निर्माण सामग्री (ईंट, रेत, सीमेंट, दरवाजे, छत सामग्री, आदि)
7. विशेष आयोजन: शादी, अंत्येष्टि, जन्मदिन और धार्मिक दान
8. अन्य: मनोरंजनात्मक पदार्थ, इलेक्ट्रॉनिक्स, सौंदर्य प्रसाधन, अवकाश आइटम, आदि.

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

औसत साप्ताहिक खर्च

एक महिला प्रति सप्ताह कितना खर्च करती है, इस पर आधारित है कि क्या उसे अपने घर का किराया देना पड़ता है या नहीं. जो महिलाएं अपने घरों को किराए पर लेती हैं वे हर हफ्ते औसतन 2,000 रुपए खर्च करती हैं, जबकि घर के मालिकों ने प्रति सप्ताह 1600 रुपए खर्च किए थे. औसत साप्ताहिक घर खर्च में अंतर ये अंतर बताता है.

घर के अलावा खर्च के अलावा दोनों समूहों के 'साप्ताहिक खर्च' बहुत समान थे. औसतन, महिलाओं ने भोजन पर प्रत्येक सप्ताह लगभग 800 रुपए खर्च किए और घरेलू सामानों और बुनियादी सेवाओं के बारे में 360 रुपए खर्च किए. छह शेष श्रेणियों पर खर्च करीब 340 रूपए है



GARMENT WORKER DIARIES

लेनदेन आवृत्ति और आकार

महिलाओं ने आम तौर पर हर हफ्ते कितना खर्च किया ये बताने के लिए साप्ताहिक औसत बहुत महत्वपूर्ण है. लेकिन यह दृष्टिकोण दो अन्य महत्वपूर्ण जानकारी छिपाती है: कितनी बार ये विभिन्न प्रकार के लेनदेन किये और कितने बड़े लेनदेन किये थे.

उदाहरण के लिए, महिलाओं ने हर हफ्ते भोजन पर सबसे अधिक खर्च किया, लेकिन उन्होंने ऐसा हर हफ्ते लगभग 18 बार खरीदारी करके किया, इससे ये पता लगता है कि हर लेनदेन बेहद छोटे थे. लेन-देन का डेटा इसका समर्थन करता है- औसत भोजन लेनदेन 100 रुपय से कुछ ही अधिक था.

पिछली स्लाइड में किरायेदारों और घर के मालिकों के बीच के अंतर को नोट किया लेनदेन के आंकड़े बताते हैं कि दोनों समूह प्रति सप्ताह(लगभग एक) घर -संबंधी लेनदेन करते हैं, लेकिन किरायेदारों के लिए औसत लेन-देन का आकार बहुत बड़ा था-घर के मालिकों के लिए लगभग 260 रुपए की तुलना में लगभग 1,500 रुपए. यह अंतर किराया भुगतान के कारण था.

लेनदेन का आकार और आवृत्ति

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

लेनदेन फ़्रीक्वेंसी

GARMENT WORKER DIARIES

औसत लेनदेन का आकार



©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

सप्ताह भर में खर्च

पूरे हफ़्ते में खर्च को देखने से यह पता लग सकता है कि कोई लेनदेन कब हुआ. उदाहरण के लिए, यह ग्राफ दर्शाता है कि कुल खर्च हर चार हफ्तों बाद बढ़ता है. इससे ये संकेत मिलता है कि खर्च में वृद्धि उनके वेतन मिलने के दिन से जुड़ती है. इसके अलावा, यह भी पता लगता है कि कुछ श्रेणियों के खर्च में दूसरों की अपेक्षा अधिक अस्थिर था. भोजन पर खर्च बड़ा और अपेक्षाकृत स्थिर था, जो कि घर पर दूसरे खर्च की तुलना में अधिक था, लेकिन कुछ विशेष सप्ताहों में ज्यादा होता था.



GARMENT WORKER DIARIES

सप्ताह भर में खर्च



©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.





©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

जीवन स्तर में सुधार

सामान और सेवाओं पर खर्च को वर्गीकृत करने के लिए एक अन्य तरीका है कि ये सोचा जाये कि क्या खरीदारी तत्काल खपत के लिए है या यह निवेश के लिए है जो जीवन स्तर में सुधार ला सकती है. तत्काल उपभोग के लिए सामान और सेवाएं गैर-टिकाऊ हैं हालांकि वे दिन-प्रतिदिन जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन वे आम तौर पर जीवन मानक में खास बदलाव नहीं करते हैं. जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए सामान और सेवाएं ये हो सकती हैं:

- कृषि निवेश: कृषि निवेश सामान्य खेती के साथ-साथ आय बढ़ाने वाले उत्पादन की गुंजाइश भी देती हैं.
- टिकाऊ सामान: बर्तन और धूपदान या मोटरसाइकिल जैसी चीजें जिनके कई साल तक रहने की संभावनाएं
- शिक्षा निवेश: वयस्कों और बच्चों के लिए; शिक्षा बेहतर आर्थिक परिणामों से जुड़ी है।
- श्रम किराया: एक उत्पाद के उत्पादन में निवेश; अक्सर फसल के साथ या घर के निर्माण में मदद करने के लिए इस्तेमाल
- चिकित्सा देखभाल: स्वास्थ्य में सुधार जीवन गुणवत्ता में सुधार

GARMENT WORKER DIARIES

जीवन स्तर पर खर्च

खर्च की एक बड़ी रकम गैर-टिकाऊ वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च होती है, जो बताता है कि उत्तरदाताओं ने शायद ही कभी ऐसी संपत्ति या कोई सेवा खरीदी जो उनके जीवन स्तर में मध्यम या दीर्घकालिक सुधारों को जन्म दे.आवास की लागत के कारण, घर का किराया देने वालों ने सामान और सेवाओं पर कम खर्च किया जो उनके जीवन स्तर के स्तर में सुधार कर सके.







©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

सामान और उसकी श्रेणी के हिसाब से खर्च: किरायेदार

GARMENT WORKER DIARIES

एकमुश्त खरीद

एकमुश्त खरीदारियां ऐसे हैं जो उत्तरदाता के लिए विशेष रूप से बड़ी हैं. एमएफओ ने उन खरीदारियों की पहचान की जो औसत खरीद से तीन गुना अधिक खर्च हैं. मजदूरों के आर्थिक जीवन को समझने के लिए एकमुश्त खरीदारियां दो मुख्य कारणों से महत्वपूर्ण हैं:

1. एकमुश्त खरीद के लिए पैसे की एकमुश्त रकम की आवश्यकता होती है. अगर उत्तरदाता ने बड़ी खरीद नहीं की है, तो वे या तो पैसे बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं या पैसे रोक कर रखे हैं. कौन सी स्थिति सही है और क्यों वित्तीय तनाव के स्तरों के बारे में जानकारी देती है.

2. खरीदारियों के प्रकार उत्तरदाता की स्थिति के बारे में बताते हैं. कम आय वाले परिवार आमतौर पर आवास, भोजन, चिकित्सा देखभाल या परिसंपत्तियों के बजाय शिक्षा जैसी मूलभूत चीज़ों पर खर्च करते हैं ना कि ऐसी संपत्तियों पर जो जीवन स्तर सुधारने में कठिनाई को बताती है.

एकमुश्त खरीद

एकमुश्त खरीदारी

भारत में महिलाओं ने हर 5 हफ्ते में औसतन एक बार एकमुश्त खरीदारी की लेकिन ये खरीदारी का प्रकार घर का किराया देने वाले और न देने वाले मजदूरों का अलग-अलग था.

किराए उन लोगों के लिए सबसे बड़ा खर्च था, जिन्हें इसका भुगतान करना था, और उनके लिए किसी अन्य प्रकार की खरीदारी की संभावना कम थी. इसकी तुलना में, किराया न देने वालो की सबसे आम बड़ी खरीद भोजन और घरेलू सामान पर थी, जिसमें कपड़े शामिल थे. दूसरे शब्दों में, जिन महिलाओं को घर का किराया नहीं देना होता था, उनके लिए छोटी और लंबी अवधि में अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए बड़ी खरीदारी करने के लिए अधिक धन उपलब्ध था.



GARMENT WORKER DIARIES

अध्याय सारांश का अंत

औसतन महिलाओं ने भोजन पर 800 रुपए प्रति सप्ताह और अन्य मदों पर 800 रुपए खर्च किए, जिसमें बिल, सेनेटरी पैड और खाना पकाने के लिए चीजें भी शामिल थीं. हालांकि, वहां महिलाओं का एक समूह था जो घर का किराया देने के लिए ज़िम्मेदार था, और ये किराया बड़ा भुगतान था, उन्हें गैर-किराया दाताओं के मुकाबले 1600 रुपए अधिक खर्च करने की आवश्यकता थी.

इस किराए का मजदूरों के पैसे प्रवाह पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा. यह ना केवल उनके पास एक बड़ा, नियमित मासिक खर्च था, बल्कि अन्य खर्चों पर भी असर पड़ा. जो महिलाएं घर का किराया दे रही हैं उन्होंने जीवन गुणवत्ता में सुधार के लिए जरुरी सामान और सेवोओं पर उन महिलाओं की तुलना में कम खर्च किया, जो घर का किराया नहीं देती थीं. इसके अलावा, जो महिलायें घर का किराया देती हैं उन्होंने एकमुश्त खरीद पर उन महिलाओं की तुलना में लगभग आधी रकम खर्च की थी.

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

अध्याय 4: पैसे प्रवाह और वित्तीय तनाव प्रबंध

अपनी आय के अतिरिक्त, भारत में मजदूर अपने खर्च को पूरा करने के लिए बचत और पतियों से पैसे हस्तांतरण पर भरोसा करते हैं. आंकड़े बताते हैं कि मजदूरों के लिए उनके पति की आय बहुत ही महत्वपूर्ण थी. पतियों की आय ने मजदूरों को निचले-मध्यम वर्ग में खिसका दिया, जिससे वे बेहतर खाद्य सुरक्षा और उनके बच्चों के भविष्य के लिए योजना बनाने पर ध्यान दे सकीं.

GARMENT WORKER DIARIES

आय बनाम खर्च

क्या मजदूर ने सारे खर्च को पूरा करने के लिए पर्याप्त पैसा कमाया था, जिसकी जिम्मेदारी उनके कन्धों पर थी?

जो महिलाएं अपने घरों की मालिक थीं, उनकी औसत मासिक आय मासिक खर्च को पूरा करने के लिए पर्याप्त थी- वे हर माह थोड़ी बचत की सूचना भी देते थे हालांकि, जिन महिलाओं ने अपने घरों का किराए दिया, उन्होंने हर महीने 1200 रुपए से ज्यादा की कमी का सामना किया.

जिन महिलाओं के पास पैसे बचे थे, उसके साथ उन्होंने क्या किया? महिलाओं ने हर महीने पैसे की कमी का कैसे सामना किया? इस अध्याय में इन सवालों के जवाब दिए जाएंगे, कैसे भारतीय कपड़ा मजदूर अपने धन का प्रबंधन करने के लिए वित्तीय साधनों का इस्तेमाल करते हैं और किन परिस्थितियों में मजदूरों को आर्थिक तनाव का सामना करना पड़ा.



©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

वित्तीय उपकरण

पिछली स्लाइड से पता चलता है, मजदूरों को उनकी आय और खर्च के बीच बेमेल का सामना करना पड़ा. ये बेमेल एक आम परिस्थिति का परिणाम था: कभी-कभी लोगों के पास अपने खर्च को पूरा करने के लिए जरुरी रकम नहीं होती है. हो सकता है उनके पास इस माह में अपने खर्चों को पूरा करने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं हो, लेकिन उनके पास पिछले महीने अतिरिक्त पैसा हो सकता है; या उनके पास इस महीने पर्याप्त पैसा नहीं है, लेकिन वे अगले महीने अतिरिक्त पैसा पाने की आशा करते हैं. लोग इन बेमेल का समय पर कैसे प्रबंध करते हैं? इसका उत्तर वित्तीय उपकरण है: बचत, पैसे हस्तांतरण, ऋण, और बीमा. इनमें से हर किसी का इस्तेमाल किया जा सकता है बचत करने से लोग अतीत से अतिरिक्त पैसे ले सकते हैं और इसे वर्तमान जरूरतों पर खर्च कर सकते हैं, जबकि ऋण विपरीत तरीके से काम करते हैं: ऋण आज की जरूरतों के लिए भुगतान करने के लिए भविष्य के पैसे का उपयोग करते हैं.

पैसे हस्तांतरण-जिनमें वापस भुगतान का बोझ नहीं होता है- जिन लोगों के पास धन है, वे उन लोगों को स्थानांतरित कर देते हैं, जिनके पास नहीं है. कई बीमा मॉडल हैं, लेकिन मौलिक रूप से वे सभी एक ही काम करते हैं: वे भविष्य में बड़े और अप्रत्याशित खर्च से बचाने के लिए छोटे-छोटे भुगतान का उपयोग करते हैं.

वित्तीय नेटवर्क

वित्तीय उपकरणों का उपयोग वित्तीय नेटवर्क में किया जाता है: ऋण पाने के लिए ऋणदाता तक पहुंच जरुरी है, और पैसे स्थानांतरण के लिए देने और लेने वाले की आवश्यकता होती है. वित्तीय नेटवर्क औपचारिक और अनौपचारिक वित्तीय सेवा प्रदाताओं (एफएसपी) और परिवार व दोस्तों से मिलकर बनता है

औपचारिक एफएसपी सरकारी संस्थाओं द्वारा नियंत्रित किये जाते हैं: इसमें बैंक, माइक्रोफाइनांस संस्थान, उधार देने वाली कंपनियों, मोबाइल मनी प्रदाताओं, और बीमा कंपनियां शामिल हैं. अनौपचारिक एफएसपी भी हैं: ये अनियमित संगठन और व्यक्ति हैं, जैसे कि बचत समूह या गांव के मज़दूर.

बचत और उधार के लिए, औपचारिक और अनौपचारिक दोनों एफएसपी कुल लेनदेन के "आधे" होते हैं, जो जमा धारक और ऋणदाता के रूप में कार्य करते हैं. हालांकि, वे एक मध्यस्थ बैंक या मोबाइल मनी प्रदाताओं के रूप में भी सेवा दे सकते हैं जो पैसे के हस्तांतरण की सुविधा देते हैं (अधिकतर शुल्क के लिए) इस विश्लेषण के लिए, एमएफओ मध्यस्थ भूमिका पर केंद्रित नहीं था.

परिवार और मित्र भी वित्तीय उपकरण उपयोग कर सकते हैं. मित्र एक-दूसरे से उधार ले सकते हैं, और एक दोस्त क़ीमती सामान को सुरक्षित रखने के लिए दूसरे से पूछ सकता है वे एक-दूसरे को, अक्सर उपहार के रूप में भी पैसे स्थानांतरित करते हैं. व्यक्ति घर पर सुरक्षित स्थान पर पैसे की बचत कर सकते हैं (जैसे कि गद्दे के नीचे).

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

मजदूरों के उपकरण और नेटवर्क

कौन सा उपकरण और किस तरह के नेटवर्क का उपयोग मजदूर करते थे? इस उप-अनुभाग में मौजूद तालिकाओं में दिखाया गया है कि मजदूर बचत पर सबसे अधिक निर्भर हैं: सभी वित्तीय लेनदेन में से 77 प्रतिशत बचत (या तो जमा या निकासी), और सभी वित्तीय लेनदेन में 79 प्रतिशत बचत खाते में या उससे बाहर निकाले जाने वाले पैसे शामिल हैं. तालिकाओं में दिखाया गया है कि बचत के माध्यम से पैसे का लगभग आधा हिस्सा कामगारों की "घर पर बचत" में आता और बाहर जाता था, इनमें ज्यादातर औपचारिक वित्तीय सेवा प्रदाता शामिल थे. जैसा कि यह अध्याय दिखाएगा, इन लेनदेनों में अधिकतर तब हुए जब महिलाओं ने बैंक खाते से पैसे निकाले, जो मिलों से उनके खाते में प्रत्यक्ष (सीधे) जमा किए गए थे.

लेनदेन की आवृत्ति और पैसे की मात्रा के मामले में दूसरा सबसे आम वित्तीय उपकरण था-पैसे का हस्तांतरण. जैसा कि यह अध्याय भी दिखाएगा, ज्यादातर पैसे का हस्तांतरण घर के भीतर हुआ है. मजदूरों ने ऋण का बार-बार उपयोग नहीं किया. ईएसआई के अलावा, जो सरकार द्वारा अनिवार्य और स्वचालित रूप से मजदूरों के खाते से कट जाता है, कोई और बीमा लेनदेन नहीं था.

उपकरण और नेटवर्क सारांश सारणी | जमा पूंजी डेटा | पैसे स्थानांतरण डेटा | ऋण डेटा

GARMENT WORKER DIARIES

मजदूरों के उपकरण और नेटवर्क

तालिका 1: वित्तीय लेनदेन की कुल संख्या का हिस्सा

	वित्तीय नेटवर्क				
वित्तीय उपकरण	औपचारिक	अनौपचारिक	परिवारी और मित्र	स्वयं	**कुल**
नकद हस्तांतरण	0 %	0 %	17 %	0 %	**17 %**
बीमा	0 %	0 %	0 %	0 %	**0 %**
कर्ज	0 %	4 %	2 %	0 %	**6 %**
बचत	10 %	22 %	10 %	44 %	**77 %**
कुल	**11 %**	**11 %**	**19 %**	**44 %**	**100%**

तालिका 2: वित्तीय लेनदेन की कुल राशि का हिस्सा

	वित्तीय नेटवर्क				
वित्तीय उपकरण	औपचारिक	अनौपचारिक	परिवारी और मित्र	स्वयं	**कुल**
नकद हस्तांतरण	0 %	0 %	15 %	0 %	**15 %**
बीमा	0 %	0 %	0 %	0 %	**0 %**
कर्ज	0 %	4 %	2 %	0 %	**6 %**
बचत	32 %	7 %	0 %	40 %	**79 %**
कुल	**32 %**	**11 %**	**17 %**	**40 %**	**100%**

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

बचत

मजदूरों बचत के लिए तीन अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल किया गया:

- औपचारिक खाता: बैंक खाते, जिसमें उनकी मजदूरी इलेक्ट्रॉनिक तरीके से जमा की गई थी
- अनौपचारिक खाते: सामुदायिक बचत समूह, जिसमें मजदूरों ने नियमित रूप से पूर्व-निर्धारित अवधि के लिए थोड़ी-थोड़ी राशि जमा की, जो भी उन्होंने बचाया था
- घर पर बचत: मज़दूर घर पर एक सुरक्षित जगह पर राशि रखता है ; वैसे तो ये घर पर पैसा रखने जैसा है लेकिन फिर भी महिलाएं सुरक्षित स्थान में धन "जमा" करती हैं और ज़रूरत पर उपयोग करती हैं.

GARMENT WORKER DIARIES

औपचारिक खाते

आंकड़े बताते हैं कि मजदूरों ने कभी अपने खातों में पैसे जमा नहीं किये. मजदूर ने प्रति माह एक बार से अधिक धन निकाला. हकीकत में, मजदूर अक्सर वेतन मिलने के तुरंत बाद लगभग एक बार में पैसे निकाल ले रहे थे. औसतन, यह प्रति सप्ताह लगभग 1,500 रूपए के बराबर था.



GARMENT WORKER DIARIES

अनौपचारिक खाते

मजदूरों ने जब भी अपने घर से बाहर बचत की मुख्य रूप से स्वयं सहायता बचत समूह में पैसा जमा किया.

आंकड़े बताते हैं कि इन समूहों में भागीदारी अपेक्षाकृत आम थी.औसतन, मजदूरों ने इन समूहों में दो हफ्तों में एक बार पैसे जमा किए.जब उन्होंने जमा किए, तो वे अपेक्षाकृत बड़ी राशि लगभग 900 रुपए जमा किये. साप्ताहिक आधार पर, इनका औसत 300 रूपए था.

जबकि जमा नियमित थे, अध्ययन के दौरान समूह से कोई निकासी नहीं हुई, जो अनिवार्य रूप से आश्चर्य की बात नहीं थी: समूह चक्र कुछ वर्षों तक चल सकते हैं.



स्वयं सहायता बचत समूह

GARMENT WORKER DIARIES

गृह बचत

बचत का सबसे आम तरीका घर पर पैसा जमा करना ही था. मजदूर आम तौर पर प्रति माह एक या दो बार घर पर पैसा जमा करते हैं, और वे अपने सुरक्षित स्थान से पैसे प्रति माह दो से तीन बार निकालते हैं. इन बचत जमा और निकासी का आकार उनके अन्य बचत प्रवाह की तुलना में अपेक्षाकृत बड़ा था: प्रति सप्ताह 1,000 रुपए जमा होता है तो निकासी प्रति सप्ताह लगभग 900 रुपए औसतन होती है.



GARMENT WORKER DIARIES

पैसे का लेनदेन

महिलाओं के इस्तेमाल के लिए बचत के बाद, पैसे का हस्तांतरण सबसे सामान्य वित्तीय उपकरण था. इनमें ज्यादातर घरों के अंदर लोगों से या उन्हें पैसे हस्तांतरित किये जाते हैं और इसीलिये इन्हें घरेलू स्थानान्तरण (आईएचटी) के रूप में संदर्भित किया जाता है.

आंकड़ों से पता चलता है कि आईएचटी महिलाओं को प्रत्येक तीन हफ्ते में एक बार मिला लेकिन शायद ही कभी एक बार दिया हो. महिलाओं को जो आईएचटी मिली उनकी राशि बहुत बड़ी थी- औसतन प्रति सप्ताह 670 रुपए.



GARMENT WORKER DIARIES

घर के अन्दर नेटवर्क

महिलाओं को जितने पैसे उन्होंने दिए उसकी तुलना में बहुत ज्यादा राशि मिली. सबसे महत्वपूर्ण पति और पत्नियों के बीच पैसे का हस्तांतरण था. विशेष रूप से, पति से पत्नियों के हस्तांतरण इन वित्तीय प्रवाहों पर हावी है.



©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

ऋण

हमारे सैंपल में ऋण लेने वाली महिलाएं बहुत कम थीं. औसतन, उत्तरदाताओं ने हर वर्ष एक ऋण लिया और हर ढाई महीनों में एक ऋण चुकाती हैं.

जब मजदूरों ने क़र्ज़ लिया तो बड़ी राशि का लिया -लगभग 7,000 रुपए- लेकिन ऐसा इतनी कम बार हुआ कि इनका हर हफ्ते के पैसे प्रवाह पर बहुत कम असर पड़ा.



GARMENT WORKER DIARIES

पैसे प्रवाह का प्रबंधन

पिछले सेक्शन से साबित हो गया कि मजदूरों को वित्तीय टूल्स की ज़रूरत होती है. जो महिलाएं खुद के घर में रहती हैं, उनके पास हर हफ्ते ज्यादा पैसा बचता है और कीरायेदारों को हर हफ्ते साप्ताहिक घाटे का सामना करना पड़ता था. यह भी पता चला है कि बचत और पैसा हस्तांतरण मुख्य वित्तीय टूल्स इस्तेमाल किया गए. लेकिन ये सभी चीजें एक साथ काम करती हैं, जैसे-वेतन, खर्च, बचत, पैसा हस्तांतरण और अन्य वित्तीय उपकरण. दूसरे शब्दों में, वे कैसे इनका इस्तेमाल कर रहे हैं?

इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए, दो अलग-अलग सप्ताहों में खर्च के बारे में सोचें:

• वेतन सप्ताह - खर्च पर अध्याय ये साबित करता है कि इन हफ्तों में ज्यादातर राशि खर्च हुई.

• वेतन मिलने के बाद के सप्ताह - इन हफ़्तों में कामगार घाटे का सामना करते थे; चूंकि उन्हें इन हफ़्तों में वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा था, इसलिए उन्हें खर्च पूरा करने के लिए वित्तीय उपकरण पर भरोसा करना पड़ता था.

इन समयावधियों की तुलना के लिए निम्नलिखित ग्राफ़ घर का किराया नहीं देने और किराया देने वाले मजदूरों के अनुभव की तुलना करते हैं.

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

भुगतान सप्ताह

हफ्तों में जब महिलाओं को वेतन मिला, तो उन्होंने अपने बैंक खाते (औपचारिक निकासी) से अपना पैसा निकाल लिया. इससे उन्हें उस सप्ताह के लिए अपने खर्चों को पूरा करने के लिए पर्याप्त पैसा मिल गया (लेकिन ध्यान दें कि घर का किराया देने वाले मजदूरों के खर्च कितने ज्यादा थे).

अपनी आय से अपने खर्चों को पूरा करने के बावजूद, दोनों प्रकार के मजदूरों ने अन्य वित्तीय उपकरणों से पैसा प्राप्त किया.इसमें आईएचटी (घर के अन्दर पैसा हस्तान्तरण) में सबसे अधिक लेनदेन हुआ था, लेकिन महिलाओं को अन्य साधनों (ऋण, मित्रों से उपहार में पैसे, घर की बचत) पर भी भरोसा था. ऐसे में उन्हें पैसे देने की स्वतंत्रता भी मिली जैसे किसी को पैसे का हस्तांतरण, ऋण चुकाना और बचत समूहों में जमा.

उन्होंने पैसों को घरेलू बचत से संतुलन किया.



GARMENT WORKER DIARIES

गैर-भुगतान सप्ताह

जिन हफ्तों में मजदूरों को वेतन नहीं मिलता था, उनके घर के खर्च बहुत छोटे थे. यह आंशिक रूप से मासिक खर्च के कारण था जैसे- घर का किराया और उपयोगी चीजों के लिए भुगतान. ये सारे खर्च उन हफ़्तों के लिए पहले से निश्चित होते हैं, जिस हफ्ते उनको वेतन मिलता है, इसलिए जिन हफ़्तों में वेतन नहीं मिलता, उनमें ये खर्च नहीं होते.

मजदूर इन हफ्तों में वित्तीय उपकरणों पर भरोसा करते थे और घरेलू बचत ही पैसे का मुख्य स्रोत होता था. हालांकि, मजदूर अपने खर्चों को पूरा करने के लिए घरेलू बचत से पर्याप्त पैसे नहीं निकालते थे. आमतौर पर, उन्हें घरेलू हस्तांतरण के रूप में काफी पैसा मिल जाता था. इस अतिरिक्त पैसे ने उन्हें अपने घर के खर्च को पूरा करने के साथ-साथ किसी भी आवश्यक ऋण चुकाने या किसी को पैसे हस्तांतरित करने की स्वतंत्रता भी दी. इसने उन्हें कुछ पैसे अपने बचत समूहों में जमा करने और घर पर बचत करने में भी सक्षम बना दिया.



©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

वित्तीय तनाव की पहचान करना

वित्तीय तनाव जानने का कोई वास्तविक उपाय नहीं है-यह व्यक्तिगत अनुभव और संदर्भ का नतीजा हो सकता है. एक ही देश में एक कपड़ा मजदूर किसी किसान की तुलना में कम वित्तीय तनाव से घिरा हो सकता है लेकिन वकील की तुलना में अधिक वित्तीय तनाव का सामना कर सकता है. इसे ध्यान में रखते हुए, एमएफओ ने चार मानदंडों अपनाये हैं:

1. लोगों ने जीवन की गुणवत्ता के बारे में अध्ययन के शुरुआत में ही बताया था और इनमें परिसंपत्तियों के स्वामित्व और गरीबी-स्तर जैसी चीज़ों को शामिल किया था.

2. माल और सेवाओं की खरीदारी उनके जीवन स्तर सुधारता है.

3. बचत, पैसे हस्तांतरण, ऋण और बीमा जैसे वित्तीय उपकरणों तक पहुँच.

4. अपने खर्चों का सही से प्रबंध करने के लिए ख़रीदारी में कटौती करना, खासकर आवश्यक चीजों की.

GARMENT WORKER DIARIES

वित्तीय तनाव की पहचान करना

पिछले और इस अध्याय का डेटा हमें वित्तीय तनाव के बारे में क्या बताता है?

अध्याय 1 के आंकड़ों से पता चला है कि परिवारों के पास मानक घरेलू उपकरण- बेसिक फर्नीचर, स्टोव, प्रेशर कुकर और सेल फोन थे. अध्याय 3 ने दिखाया कि उनके खर्च का अधिकांश हिस्सा गैर-टिकाऊ वस्तुओं और सेवाओं के लिए चला गया. हालांकि इन खरीदारियों ने निस्संदेह मजदूरों के जीवन की गुणवत्ता में कुछ समय के लिए सुधार किया. ऐसी खरीदारी सिमित थी, जो लम्बे समय के लिए प्रभाव डालती.

इस अध्याय से पता चला है कि मजदूरों की वित्तीय टूल्स पहुंच आसानी से है-वे अपने घरेलू खर्च को पूरा करने के लिए बचत, पैसे हस्तांतरण और उनके ऋण का प्रबंधन करते थे. इसके अलावा, घर के अन्दर हस्तांतरण पर उनकी निर्भरता ने एक महत्वपूर्ण बिंदु रेखांकित किया कि इन मजदूरों के घर में आय का एक अन्य महत्वपूर्ण स्रोत था.वास्तव में, इस अन्य घरेलू आय को शामिल करने के बाद एक भी मजदूर अंतर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा से नीचे नहीं रहता है. दरअसल, औसत दैनिक प्रति व्यक्ति आय $ 6 के आसपास थी.

सामूहिक रूप से, यह बताता है कि ये भारत की निम्न -मध्य वर्ग की महिलायें हैं. लेकिन अंतिम बिंदु के बारे में क्या: क्या इन महिलाओं को अपने खर्चों को पूरा करने के लिए कहीं कटौती करनी पड़ती है?

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

खाद्य सुरक्षा

एक परिवार का खाद्य सुरक्षा स्तर सूचना का ऐसा हिस्सा है जो वित्तीय तनाव की अच्छी जानकारी दे सकता है. खाद्य सुरक्षा सर्वेक्षण पर्याप्त और पौष्टिक प्रकार के भोजन तक पहुंच को जानने का सामान्य उपाय है. वे वित्तीय तनाव का मूल्यांकन करने के लिए उपयोगी होते हैं क्योंकि भोजन पर कटौती से पता चलता है कि जेब के बजाय शरीर पर बोझ पड़ रहा है और इस प्रकार तनाव का एक चिन्ह है.

आंकड़े बताते हैं कि पिछले 12 महीनों के दौरान 33 प्रतिशत मजदूरों को कभी न कभी सीमित भोजन या भोजन मिलने की अनिश्चितता का सामना करना पड़ा था.

खाद्य सुरक्षा प्रश्नों से मुख्य रूप से ये पता लगाना है कि अधिक या बेहतर गुणवत्ता वाला भोजन पाने में धन कितनी हद तक बाधा है. ये रिजल्ट्स बताते हैं कि कभी कभी धन इसमें बाधा बना. इसके बावजूद एक तिहाई मजदूरों तक पर्याप्त और गुणवत्ता वाले भोजन की नियमित पहुंच आश्चर्यचकित करती है. यह तीनों देशों में सबसे कम था. बांग्लादेश में 61% मजदूरों और कंबोडिया में केवल 52 प्रतिशत मजदूरों ने भोजन असुरक्षा की खबर दी.

खाद्य सुरक्षा

GARMENT WORKER DIARIES

खाद्य सुरक्षा



बचत लक्ष्य

किसी व्यक्ति के तनाव और उसके लक्ष्य व इच्छाओं को समझने का एक अन्य तरीका है उसके वर्तमान पैसे का प्रबंधन. इसके लिए, एमएफओ ने मजदूरों से दो प्रश्न पूछे:

- आपका एक बचत करने के पीछे लक्ष्य क्या है?
- अगर आप को बिना बताये एक बड़ी राशि मिल जाये तो आप पैसे के साथ क्या करेंगे?

जवाब बताते हैं कि आधे से ज्यादा मजदूरों का बचत करने के पीछे मुख्य लक्ष्य बच्चों की शिक्षा थी. किरायेदारों के लिए दूसरे नंबर का बचत लक्ष्य नए घर के लिए बचत, जबकि घर के मालिकों के लिए नंबर दो बचत लक्ष्य अपने बच्चे की शादी के लिए बचत था.

सामूहिक रूप से, ये लक्ष्य दूसरे दो प्रोजेक्ट देशों की तुलना में ज्यादा स्थिर सैंपल की तरफ इशारा करते हैं. अगर इन मजदूरों को अप्रत्याशित रूप से बड़ी राशि मिल जाती, तो कई लोग ज़रूरत के लिए पैसे बचाने का ऑप्शन चुनते हैं, जबकि कुछ ने नए घरेलू उपकरणों को खरीदने के लिए इसे बचाने का ऑप्शन चुना.

बचत लक्ष्य और पैसे का खात्मा

GARMENT WORKER DIARIES

बचत लक्ष्य



GARMENT WORKER DIARIES

पैसे निकासी



GARMENT WORKER DIARIES

वित्तीय साक्षरता

वित्तीय साक्षरता एक व्यक्ति की आर्थिक जानकारी का इस्तेमाल करके वित्तीय नियोजन, धन संचय, ऋण और पेंशन के बारे में समझदारी से भरा निर्णय लेने की क्षमता है. अनुसंधान सुझाव देता है कि एक व्यक्ति की वित्तीय साक्षरता और वह अपने पैसे का प्रबंधन कैसे करता है, इसके बीच सीधा रिश्ता है.

एमएफओ ने एक वित्तीय साक्षरता टेस्ट भी कराया था. इसे आर्थिक विकास और सहयोग संगठन (ओईसीडी) के वित्तीय साक्षरता सर्वेक्षण से लिया गया था. परिणाम साक्षरता का एक उच्च स्तर दिखाते हैं. उत्तरदाताओं का औसत स्कोर 79 प्रतिशत था.

तुलना के लिए, अगर उन्हें उनके स्कोर के हिसाब से किसी देश में रखा जाये तो कपड़ा मजदूरों को फ्रांस, फिनलैंड और हांगकांग जैसे देशों में रखा जायेगा.

मजदूरों की साक्षरता के उच्च स्तर के कारण वे आत्मनिर्भर रहकर बचत और कटौती जैसे तरीकों पर ज्यादा विश्वाश करते हैं, बजाय ज्यादा तनाव देने वाले वित्तीय टूल्स पर जैसे क़र्ज़.

वित्तीय साक्षरता; आर्थिक विकास और सहयोग संगठन (ओईसीडी) के वित्तीय साक्षरता सर्वेक्षण

अध्याय सारांश का अंत

यह अध्याय यह दिखा रहा है कि मजदूरों को अपनी आय और खर्च में अंतर से निपटने के लिए वित्तीय टूल्स का उपयोग करना पड़ता है. वे अक्सर घरेलू बचत और पैसे हस्तांतरण, विशेष रूप से पति से अंतर-घरेलू स्थानान्तरण, जैसे टूल्स ही इस्तेमाल करते हैं. मजदूर अपने साप्ताहिक खर्च को पूरा करने और कुछ दीर्घकालिक बचत करने के लिए भी इन टूल्स का उपयोग करते हैं.

यह अध्याय यह भी दिखा रहा है कि मजदूरों को कुछ आर्थिक तनाव का सामना करना पड़ता है: अधिकांश पैसा गैर-टिकाऊ वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च किया जाता था, जो बताता है कि उन्हें दीर्घकालिक निवेश करने में कठिनाई हो रही है. एक-तिहाई मजदूरों को खराब खाद्य सुरक्षा का सामना करना पड़ता है.

फिर भी भारत के मजदूर बांग्लादेश या कंबोडिया में मजदूरों की तुलना में अधिक स्थिर हैं. उनकी प्रति व्यक्ति आय उन्हें निम्न-मध्यवर्ग में रखती है, और उनकी बचत का मुख्य लक्ष्य उनके बच्चों की शिक्षा थी. जो एक तरह के वित्तीय सभ्यता को दिखाती है, ऐसा प्रोजेक्ट के दूसरे देशों में विशेष रूप से कंबोडिया में देखने को नहीं मिलता.

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

अध्याय 5 : कारखाने के अन्दर जीवन

बेंगलुरु के कारखानों में काम करने वाले मजदूरों का जीवन आम तौर पर बांग्लादेश और कंबोडिया की तुलना में बेहतर है. हालाँकि उन्हें मौखिक अभद्रता का बहुत ज्यादा सामना करना पड़ता है: कई उत्तरदाताओं ने उनके साथियों के सामने अपमानित होने और / या अपमानित होने की रिपोर्ट की. इसके अलावा, जरूरत पड़ने पर अपनी या परिवार की देखभाल के लिए छुट्टी नहीं ले सकते इससे ईएसआई कार्यक्रम की उपयोगिता भी कम होती है.



भौतिक वातावरण

अंतर-व्यक्तिगत पर्यावरण

स्वास्थ्य और देखभाल तक पहुंच

GARMENT WORKER DIARIES

भौतिक वातावरण

तीन देशों के उत्तरदाताओं में से, बेंगलुरु में काम करने वालों ने सबसे अच्छी काम करने की परिस्थितियों की सूचना दी. बांग्लादेश और कंबोडिया के मजदूर कुछ हद तक असुरक्षित महसूस करते हैं, कारखानों में आग लगने पर आपात निकास पर ताला लटके होने जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है. इन देशों की मिलों के इतिहास में कई खराब आपदाएं दर्ज हैं.

यह बेंगलुरु स्थित कारखानों की रिपोर्ट इसके उलट है, जहां मजदूरों ने आम तौर पर बताया कि वे हर समय सुरक्षित महसूस करते हैं. उन्हें आपातकाल में बाहर निकालने का इंतजाम है. इन-डेप्थ साक्षात्कार के दौरान, उन्होंने बताया कि शौचालयों से क्लीनिक जैसी सुविधाएं अच्छे तरह कम कर रही थीं.

भौतिक वातावरण

GARMENT WORKER DIARIES

कारखानों में सुरक्षा



GARMENT WORKER DIARIES

आपातकालीन निकास तक पहुंच



©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

आपातकालीन निकास का उपयोग करने में मजदूर का विश्वास



GARMENT WORKER DIARIES

आग का दिखाई देना



GARMENT WORKER DIARIES

हवा में होने वाले प्रदूषक के बारे में चिंता

GARMENT WORKER DIARIES

रासायनिक गंध के बारे में चिंता



©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

अंतर-व्यक्तिगत पर्यावरण

आम तौर पर, भारत में मजदूरों ने बताया कि उनके कारखाने भर्ती या निकालने की प्रक्रिया में कोई पच्छपात नहीं होता. 90 प्रतिशत से अधिक मजदूरों ने ऐसा बताया कि उनके वर्तमान कारखानों में भेदभाव का कोई प्रमाण नहीं देखा गया है.

हालांकि, पारस्परिक संघर्ष थे. आधे से अधिक उत्तरदाताओं ने अपने सुपरवाइजर द्वारा अपमानित होने की खबर दी, और लगभग एक-तिहाई ने बताया कि उनके साथियों के सामने उन्हें अपमानित किया गया. शुक्र है, ज्यादातर मजदूरों ने बताया कि शारीरिक दुर्व्यवहार नहीं के बराबर था, और अगर किसी प्रकार से शारीरिक शोषण होता था, तो वे अपने मानव संसाधन अनुभागों में जा सकते थे.

ये विभाग कामगारों की सबसे अच्छे सहायक हो सकते हैं क्योंकि 93 प्रतिशत मजदूर संगठनों के सदस्य नहीं थे. यूनियन यहां व्यापक नहीं थीं जैसा कंबोडिया में थीं, और मजदूरों ने यूनियन सदस्यता को बहुत कम लाभ मिलता था.

अंतर-व्यक्तिगत पर्यावरण

GARMENT WORKER DIARIES

कार्यस्थल भेदभाव



GARMENT WORKER DIARIES

कार्यस्थल उत्पीड़न



GARMENT WORKER DIARIES

संघ सदस्यता



GARMENT WORKER DIARIES

एक संघ में शामिल नहीं होने के कारण



GARMENT WORKER DIARIES

स्वास्थ्य और देखभाल की पहुंच

अन्य देश की रिपोर्ट में, स्वास्थ्य देखभाल के लिए की रिपोर्ट बनाने के लिए अन्य सेक्शन का इस्तेमाल किया गया, लेकिन बेंगलुरु में देखभाल तक पहुंचने की बारीकियों की वजह से हम इस रिपोर्ट में यहाँ बता रहे हैं.

भारत में कामगारों को ईएसआई में भुगतान करना आवश्यक है. जिन मजदूरों को चिकित्सा देखभाल की जरूरत होती है और बीमा का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें या तो ईएसआई सुविधा केंद्र पर जाना होता है या फिर किसी गैर-ईएसआई प्रदाता के पास और बाद में प्रतिपूर्ति करने का प्रयास करना चाहिए. दुर्भाग्य से, अधिकांश स्वास्थ्य केंद्र और सभी कार्यालय जहां मजदूरों को प्रतिपूर्ति की जा सकती है, केवल सामान्य कारोबारी घंटे के दौरान ही खुले रहते हैं. ज्यादातर ऐसा तब होता है जब मिल चल रही होती है.

नतीजतन, मजदूरों को देखभाल के लिए या तो कारखाने से छुट्टी लेनी पड़ती है या उनके बीमा के लिए प्रतिपूर्ति की मांग करनी पड़ती है, और ऐसा होने की संभावना नहीं के बराबर होती है. दो-तिहाई मजदूरों ने बताया कि चिकित्सा देखभाल पाने में कारखाने से छुट्टी मिलना सबसे बड़ी बाधा है.

स्वास्थ्य और देखभाल की पहुंच

GARMENT WORKER DIARIES

चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने के लिए बाधाएं



GARMENT WORKER DIARIES

वयस्क घरेलू सदस्यों का स्वास्थ्य



घरेलू बच्चों का स्वास्थ्य



अध्याय सारांश का अंत

बेंगलुरु के मजदूर बांग्लादेश या कंबोडिया में काम करने वालों की तुलना में बेहतर स्थिति में काम करते हैं. आपातकालीन निकास काम करते हैं; आग का पता लगाने वाले सिस्टम थे. और मजदूर भी सामान्य रूप से खुद को सुरक्षित महसूस करते थे.

उन्होंने कार्यस्थल में कुछ उत्पीड़न का सामना किया. आधे से ज्यादा मजदूरों ने अपमानित होने की रिपोर्ट दी और लगभग एक-तिहाई की रिपोर्ट के अनुसार उनके सुपरवाइजर ने उन्हें अपमानित किया था. उनके मानव संसाधन विभाग के बाहर इससे निपटने के लिए लगभग कोई भी संसाधन नहीं हैं और लगभग ना के बराबर मजदूर संगठनों के सदस्य थे.

इसके अतिरिक्त मजदूरों का टाईमटेबल भी चिकित्सा देखभाल तक पहुंचने में मुश्किल खड़ी करता है. दो-तिहाई मजदूरों ने बताया कि छुट्टी लेना बड़ी समस्या है. जो ईएसआई कार्यक्रम की उपयोगिता को कम करता है.

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

अध्याय 6: मजदूर प्रोफाइल

इस रिपोर्ट में भारत में बेंगलुरु शहर के बाहर रहने वाले 180 कपड़ा मजदूरों के जीवन का विस्तृत विवरण दिया गया है. लेकिन ये निष्कर्ष अलग-अलग मजदूरों के लिए कैसे सही है? इस अध्याय में चार कपड़ा मजदूरों गीता, लक्ष्मी, रत्ना और यसोदा की कहानियों का पता चलता है. इन प्रोफाइल में सभी नाम उनके मूल से बदल दिए गए हैं. गोपनीयता की रक्षा के लिए, कहानी में जिस महिला का जिक्र है वो तस्वीरों में नहीं है. घरों की तस्वीरें परिस्थितियों के हिसाब से हैं, जिसमें कपड़ा मजदूर सामान्य रूप से रहते थे.

GARMENT WORKER DIARIES

गीता की कहानी

अध्ययन के समय, गीता 28 साल की गारमेंट वर्कर थी जो मद्दुर में रहती थी. ये मध्य बेंगलुरु से लगभग कार से जाने पर ढाई घंटे दूर है. गीता को एक अच्छी शिक्षा मिली लेकिन उसके जैसी दूसरी महिलाओं की तरह उसने शादी नहीं की. वह अपने माता-पिता और छोटे भाई के साथ घर पर रहती थी जिसकी उम्र 26 वर्ष थी. घर के सभी लोग काम करते थे. उन्होंने बताया कि परिवार आराम से रह रहा था इसलिए उसे रोजगार पाने की कोई आवश्यकता नहीं थी. गीता ऊब रही थी, और खुद के लिए पैसा कमाना चाहती थी उसने एक कपड़ा मजदूर बनने की कोशिश की क्योंकि कारखाना पास था और उसके लिए परिवहन भी प्रदान किया जा रहा था.

"मैंने कपडे उद्योग में काम करना शुरू किया क्योंकि कारखाना हमारे घर के बहुत पास था, और कारखाने ने परिवहन भी उपलब्ध कराया था."

"हमारे परिवार की स्थिति उस समय अच्छी थी. अब भी, हमारी पारिवारिक स्थिति अच्छी है. मेरे घर में उन्होंने मुझे बताया, "नौकरी के लिए मत जाओ." लेकिन मैं यहां आई क्योंकि यह हमारे घर के बहुत करीब है. "

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

गीता की कहानी

उसके माता-पिता अपने घर के मालिक थे, इसलिए बार-बार किराया देने की कोई ज़िम्मेदार नहीं थी.और परिवार के सभी लोग आपस में खर्च की जिम्मेदारी बाँटते थे. गीता ने घर की खरीदारी में अपना सहयोग देती थी,वह कभी-कभी बड़ी मात्रा में मांस, सब्जियां, और मसालों को ले आती थी. घर का किराया नहीं देने के कारण वह परिवार की मदद के लिए पैसा खर्च करने में सक्षम थी. उसने परिवार के लिए एक रेफ्रिजरेटर खरीदा और कुछ पैसे उसने निजी सामानों पर खर्च किए: उसने सोने की बाली पर 5,000 रुपए (मासिक वेतन के दो-तिहाई से अधिक) खर्च किया, और नाक की कील पर 1000 रूपए. उसने कई हज़ार रूपए साड़ी पर भी खर्च किए. वह भी एक धर्माभिमानी हिंदू थी और तिरुपति के लिए तीर्थ यात्रा पर जाने के लिए अपनी आय का इस्तेमाल किया, जो उसके घर से लगभग 350 किलोमीटर दूर था.

GARMENT WORKER DIARIES

गीता की कहानी

गीता की आर्थिक स्वतंत्रता उनके वित्तीय उपकरणों के उपयोग तक गई. खर्च के अतिरिक्त, गीता को बचत का शौक था. वह हर हफ्ते अपने स्थानीय बचत समूह में 500 से 1500 रुपए तक जमा करती थीं.

जब उसने कोई कर्ज नहीं लिया था तो उसने अपने परिवार के अन्य लोगों की मदद करने के लिए बचत के पैसों का इस्तेमाल किया. उसने 10,000 रुपए एक महाजन से लिए और तुरंत उसे अपनी चाची को दे दिये.

"ज्यादातर समय, मैं अपने घर में पैसे रखती हूं क्योंकि मुझे इसकी आवश्यकता घरेलू खर्च के लिए होती है. केवल कभी-कभी मैं अपने [बचत] समूह में पैसे जमा करती हूँ क्योंकि मैं वहां बचत कर रही हूं. "

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

गीता की कहानी

बांग्लादेश और कंबोडिया में मजदूरों की तुलना में, गीता का कार्यक्रम सपाट था: वह प्रति दिन 8 घंटे और हर हफ्ते 6 दिन काम करती थी. जो कि काफी ज्यादा ही था. गीता ने अपनी गर्दन में पुराने दर्द की शिकायत अध्ययन में की है. वह भाग्यशाली थी कि अध्ययन के दौरान वह बीमार या घायल नहीं हुई. हालांकि, इसी दौरान उसके पिता और भाई दोनों को चिकित्सा की आवश्यकता थी जिसका गीता ने भुगतान किया था.

GARMENT WORKER DIARIES

लक्ष्मी की कहानी

अध्ययन के समय, लक्ष्मी 42 वर्षीय कपड़ा मजदूर थी. जो कि बिड़दी में रहती थी. लक्ष्मी ने मजदूरी शुरू की क्योंकि उसके पति एक दैनिक मजदूर थे. उनके पास उन्हें और उनके दो बच्चों की देखभाल करने के लिए पर्याप्त आय नहीं थी. दोनों बच्चे अध्ययन के दौरान स्कूल में थे.

"मेरे घर में वित्तीय समस्या थी हमारे घर की देखभाल करने के लिए मेरे पति की आय पर्याप्त नहीं थी इसलिए मैं कपड़ा उद्योग में शामिल हो गई [हमारी स्थिति सुधारने के लिए]."

GARMENT WORKER DIARIES

लक्ष्मी की कहानी

लक्ष्मी और उनके पति ने घरेलू वित्त और कर्तव्यों की जिम्मेदारी साझा की. वह किराया और किराने का सामान देगी, जबकि उसका पति बिजली, केबल बिल और स्कूल की फीस का भुगतान करेगा. यहां तक कि दोनों वयस्कों के साथ भी, हालात कठिन थे, और 2016 की गर्मियों में हालात भी मुश्किल हो गए. अगस्त में, लक्ष्मी का पति बीमार हो गया - वह पहले एक दिन अस्पताल गए, लेकिन उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा.

अगले कुछ हफ़्तों तक, कर्नाटक का राज्य अशांत था क्योंकि तमिलनाडु के साथ अंतरराज्यीय विवाद कावेरी मुद्दे बहुत बढ़ गया था और कपड़ा कारखानों में काम बंद हो गया था.

कावेरी मुद्दे

GARMENT WORKER DIARIES

लक्ष्मी की कहानी

ये घटनाएं लक्ष्मी के लिए दोहरा झटका थीं- उनके पति के अस्पताल के बिल इतना था जितना उसका तीन महीने का वेतन, और उस अवधि के दौरान चोटिल हुए जब उसे वेतन नहीं मिला था. नतीजतन, वह दो बड़े कर्जों में दब गई: 20,000 रुपए उसने अपने दोस्त से लिए जिससे वह पति का मेडिकल बिल चूका सके. पांच सप्ताह बाद उसने एक और मित्र से 19000 रुपए का क़र्ज़ लिया. दूसरा क़र्ज़ उसने अपने घर की मरम्मत की उम्मीद से लिया था लेकिन जल्दी ही यह स्पष्ट हो गया कि बिना पति की आय के, लक्ष्मी एक गंभीर वित्तीय समस्या में थी. इसके कारण, उसने क़र्ज़ का उपयोग ज़रूरत को पूरा करने में किया.



लक्ष्मी की कहानी

लक्ष्मी ने अपने पहले क़र्ज़ का ज्यादातर हिस्सा जल्दी ही चुका दिया था. उसने दूसरे ऋण का इस्तेमाल पहले क़र्ज़ का हिस्सा चुकाने के लिए किया और उसने अपनी घरेलू बचत और बैंक खाते से पैसा निकाला, लेकिन फिर भी 20,000 रुपए का क़र्ज़ बाकी रह गया. अगले कुछ महीने भी लक्ष्मी के लिए कुछ सही नहीं थे: पति का पैर घायल था और काम पर नहीं जा पा रहा था, उसे भी पैर का पुराना दर्द शुरू हो गया था और उसकी मां की भी मृत्यु हो गई. हर घटना से लक्ष्मी के लिए धन प्रबंधन को और अधिक कठिन बना दिया. उसने इनसे निपटने के लिए क़र्ज़ लिया और फिर अपने मित्र से लिये क़र्ज़ को चुकाने के लिए दूसरा क़र्ज़ लिया.

"मैं किसी ग्रुप (बचत) से नहीं जुड़ी थी. मुझे घर का किराया देना होता है, मुझे किराने का सामान खरीदना होता है और दूसरे खर्चे भी हैं. मैं घर पर कुछ पैसा बचा कर रखती हूँ. इन पैसों का इस्तेमाल जरुरत के वक्त करुँगी." मेरे ऊपर कुछ प्रतिबधतायें हैं, मुझे घर का किराया देना है, मुझे किराना का सामान खरीदना है, इसलिए जैसे ही वेतन मिलेगा मुझे बैंक से तुरंत अपना पूरा वेतन निकलना पड़ेगा."

GARMENT WORKER DIARIES

लक्ष्मी की कहानी

अध्ययन के अंत तक लक्ष्मी ने क़र्ज़ के 39,000 रुपए में से 26,000 रुपए का भुगतान कर दिया था. कर्ज के बोझ के कारण वो किसी तरह की सार्थक बचत नहीं कर पा रही थी क्योंकि वह अपने परिवार को चलाये रखना चाहती थी. क़र्ज़ ने केवल उनके बटुए पर ही नहीं घर पर भी असर डाला था. खर्च कम करने के लिए, लक्ष्मी ने बताया कि उसने कम पसंद वाले भोजन को लेना शुरू कर दिया था और भोजन की मात्रा में कटौती की थी. वह जिन्दगी के झटकों का सामना उसका पर्स तो कर ही रहा था उसका शरीर भी काफी हद तक इनसे लड़ रहा था.

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

रत्ना की कहानी

अध्ययन के समय, रत्ना 32 साल की कपड़ा मजदूर थी. जो बेंगलुरु शहर के दक्षिण-पश्चिम कोने में स्थित उपनगर केन्गेरी में रहती थी. रत्ना मिडिल स्कूल पास थी. उसने 40 वर्षीय रिक्शा चालक संदीप से शादी की थी, और एक बेटी थी. परिवार एक फ्लैट में रहता था जो रत्ना के परिवार ने कुछ साल पहले लिया था इसलिए उन्हें किराए नहीं देना पड़ता था. यहां तक कि इस खर्च के बिना भी परिवार को बुनियादी सामान और सेवाओं के लिए खर्च करने के लिए संघर्ष करना पड़ा.

"हमारे घर में वित्तीय समस्याएं थीं. मेरे पति का वेतन पर्याप्त नहीं था, और हमें अपने बच्चों की स्कूल की फीस देनी होती है. इसलिए कपड़ा उद्योग में शामिल हो गई."

"[मेरे कारखाने पर काम शुरू करने से पहले], मेरे पति का वेतन पर्याप्त नहीं था. मैं अपने बच्चों की स्कूल फीस [जो बकाया थी] हर छह महीने में देने के लिए मैं काम करने लगी."

"यह हमारा अपना घर है. मैं 17 साल से इस घर में रहती हूं."

GARMENT WORKER DIARIES

रत्ना की कहानी

उनके पति एक रिक्शा चालक थे और कमाई अनियमित थी. अध्ययन के पहले तीन महीनों के दौरान, उसने कहा कि

उसने केवल दो बार पैसा कमाया था, लेकिन उसने फिर से लगातार 15 हफ्तों में 1,000 रुपए से 2,100 रुपए तक की कमाई की. इससे बाद वह फिर अनियमित कमाई के भंवर में फस गया. वैसे ये रिक्शा सवारी के बाजार में बदलाव के चलते नहीं हो रहा था: रत्ना ने बताया कि उनके पति शराबी थे, और उनकी कम, अनियमित कमाई के कारण वह कपड़ा मजदूर बन गई.

"मैं बैंक से अपना वेतन पाना चाहती हूं. मेरे पति शराबी हैं. वह मेरा पैसा पीने पर खर्च करेगा इसलिए मैं अपने पैसे बैंक में सुरक्षित रखना चाहती हूं. जब भी मुझे इसकी आवश्यकता होगी, मैं इसे ले जाऊँगी. "

"मैं अपने पैसे के लिए जिम्मेदार हूँ, और [मेरे पति] अपने पैसे के लिए जिम्मेदार हैं."

GARMENT WORKER DIARIES

रत्ना की कहानी

मिल की नौकरी ने रत्ना की मदद की, जिसने उसे पैसे के नियमित स्रोत दिया है. पति और पत्नी ने अपने धन को एक साथ जमा नहीं करते, और हर खर्च के के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी थी: वह किराने का सामान, घरेलू खर्च और स्कूल की फीस (घरेलू खर्च का थोक) संभालती थी, और उसका पति बिजली और केबल बिल का भुगतान करता था. अन्य कपडे मजदूरों की तरह, रत्ना को नौकरी देने वालों ने उन्हें सीधे जमा के माध्यम से बैंक खाते में भुगतान किया और जब वह अपने सभी वेतन निकालने की कोशिश करती थी, तब अपने पति से बचाने के लिए कुछ पैसा पीछे छोड़ देती थी. ताकि आपातकाल में उस पैसे का इस्तेमाल कर सके. वह स्थानीय बचत समूह में पैसे जमा करती थी जिससे वह खुद के घर का सपना पूरा कर सके और अपनी बेटी के लिए चीजें खरीद सके.

GARMENT WORKER DIARIES

रत्ना की कहानी

उसके प्रयासों के बावजूद, रत्ना को कभी-कभी अपने पति पर निर्भर रहना पड़ता था. और वह हमेशा अपने सभी खर्चों का अपनी आय से प्रबंध नहीं कर पाती थी. हर कुछ महीनों में, वह कुछ बड़े खर्च को पूरा करने के लिए संदीप से एक बड़ी राशि लेती थी. इनमें से सबसे बड़ी राशि उसने अपनी बेटी की 10,000 रूपए स्कूल फीस और कुछ दूसरी सामग्रियों के लिए भुगतान करने के लिए 14,000 रुपए अपने पति से लिए थे. इसके कुछ हफ्ते पहले, रत्ना ने अपने मूल खर्चों को पूरा करने के लिए एक दोस्त से 5,000 रूपए क़र्ज़ लिए थे.



©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

यशोदा की कहानी

अध्ययन के समय में, यशोदा 32 साल की मजदूर थी जो गीता से थोड़ी दूर पर ही मद्दुर में रहती थी. उसने 36 साल के राजू से शादी की थी. राजू एक चित्रकार हैं. यशोदा ने बताया था कि वह हर सप्ताह 2000 रूपए कमाती है. हालांकि, यहां पर अन्य महिलाओं के समान, यशोदा को भी चिंता थी कि उसके पति की कमाई परिवार के लिए पर्याप्त नहीं थी, इसलिए उन्होंने कई साल पहले कपड़ा कारखाने में काम करना शुरू कर दिया था, इससे वह घर के खर्चों का भुगतान करने में मदद कर सकती थी, जिसमें उनके दो बच्चों की स्कूल फीस भी शामिल है.

"मेरे बच्चे स्कूल जा रहे हैं. मुझे फीस और किताबों के लिए भुगतान करना होगा. मुझे[हमारे] घर, किराने का सामान और फलों के लिए [भी] धन की आवश्यकता है तो मैं कपड़ा कारखाने में शामिल हो गई. "

" मेरी शिक्षा कम है और कम शिक्षा के लिए कोई नौकरी उपलब्ध नहीं है इसलिए मैं [कपड़ा उद्योग] में शामिल हो गई. "

GARMENT WORKER DIARIES

यशोधा की कहानी

अध्ययन की शुरुआत में, चार लोगों का परिवार ईट की दीवारों के साथ एक अनौपचारिक और स्वतंत्र घर में रहता था और छत टिन शीट से बनी हुई थी. उनके पास पानी के लिए एक नल था लेकिन प्रति दिन लगभग 18 घंटे ही बिजली मिलती थी. यह घर अपेक्षाकृत बहुत बड़ा था, लेकिन परिवार का रहने वाला स्थान छोटा था, क्योंकि घर अपने भाइयों के परिवारों के बीच विभाजित किया गया था.

GARMENT WORKER DIARIES

यशोदा की कहानी

बड़े परिवार के लिए रंशाल का घर अपर्याप्त था, इसलिए उन्होंने इसे ध्वस्त करने और एक नया घर बनाने का फैसला किया, जिसके लिए कुछ महीनों तक यशोधा और उनके परिवार को घर किराए पर लेने की आवश्यकता थी. डायरी डेटा में उन्होंने और उसके पति ने अपने नए घर का निर्माण करने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश का खुलासा किया. लगभग सात महीने के दौरान, यसोधा 215,000 लगभग खर्च, तीन साल के वेतन के बराबर, सामग्री जैसे सीमेंट, पाइप, लोहा की सरिया , और ग्रेनाइट और घर के निर्माण के लिए श्रम आदि लग गया.

"पहले हम अपने घर में रहते थे, लेकिन यह [मेरे पति और] भाइयों के बीच विभाजित किया गया था. इसलिए हमने फिर से निर्माण के लिए घर को ध्वस्त कर दिया और हम कुछ समय के लिए किराए के घर में चले गए ... अब हम अपने घर में फिर से रह रहे हैं. "

GARMENT WORKER DIARIES

यशोदा की कहानी

उल्लेखनीय रूप से, यशोदा ने बताया कि वह किसी भी ऋण के बिना ज्यादातर खर्चों से निपटने में सक्षम थी. अध्ययन से पहले वह स्थानीय बचत समूह में कुछ सौ रुपए से कुछ हज़ार रुपए तक बचा लेती थीं, और वह इससे लगभग 70,000 रुपए निकाल सकी और अपनी जरूरत को पूरा कर सकी. घर के निर्माण के दौरान, उसे अपने पति से चार बार बड़ी धनराशि मिलीं, कुल 130,000 रुपए.

अगर उन्हें इन खरीद के लिए ऋण लेना पड़ता, तो ऐसा लगता है कि वह अकेले अपने वेतन पर इसका प्रबंध करने में सक्षम था- यशोदा ने शायद ही कभी उसे पैसे दिए और वर्ष के दौरान केवल एक ही बार कर्ज का इन्स्टालमेन्ट चुकाया, और यह केवल कुछ सौ रुपए था.



©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

GARMENT WORKER DIARIES

यशोदा की कहानी

अध्ययन के अंत में, यशोदा और उसका परिवार नए घर में चले गए. ये कई गारमेंट वर्कर्स के लिए आकांक्षायें पूरी करने वाली कहानी है. उसके पति और उसकी बचत से उन्होंने घर बनाया, बच्चों को भरपेट भोजन खिलाया और अन्य खर्च का प्रबंधन भी किया और बेंगलुरु के कपड़ा मजदूरों के लिए सबसे अच्छा उदहारण प्रस्तुत किया है.

©Microfinance Opportunities. February 28, 2018.

पाठ सीखा

इस रिपोर्ट ने बेंगलुरु में हमारे सैंपल में शामिल कपड़ा मजदूरों के बारे में विस्तार से बताया कि:

1. आमतौर पर कानूनी न्यूनतम मजदूरी या उससे ज्यादा पाते हैं . पेंशन और राज्य बीमा कार्यक्रमों में भुगतान जाता है, ये ऐसे सुरक्षा प्रबंध हैं जो बांग्लादेश या कंबोडिया में मजदूरों को उपलब्ध नहीं हैं;

2. परिवार के लिए भोजन और बुनियादी वस्तुओं पर उन्होंने कमाई का ज्यादातर हिस्सा खर्च किया. जिन लोगों को घर का किराया देना पड़ता है उन्हें ज्यादा वित्तीय बोझ का सामना करना पड़ता है और घर के मूल सामानों पर खर्च के लिए कम धन उपलब्ध रहता है.

3. अपने खर्चों और वित्तीय दायित्वों को पूरा करने के लिए घरों के दूसरे सदस्यों की आय पर काफी हद तक निर्भरता. दूसरे सदस्यों की आय जीवन की गुणवत्ता को सुधारने के लिए महत्वपूर्ण थी.

4. उन परिस्थितियों में रहते थे जो तुलनात्मक रूप से आरामदायक थीं - उनके पास मूलभूत, लेकिन सम्मानित संपत्ति समूह था; नियमित रूप से पैसे की बचत करने में सक्षम और दीर्घकालिक बचत लक्ष्य भी था.

GARMENT WORKER DIARIES

पाठ सिखा

5. अपेक्षाकृत अच्छी परिस्थितियों में काम करते थे. ओवरटाइम कभी-कभी ही किया और अच्छी सुरक्षा स्थितियों के साथ कारखानों में काम करते थे. हालांकि, उन्होंने उनके प्रबंधकों द्वारा अक्सर अपमानित या शर्मिंदा होने की रिपोर्ट की थी.

हालांकि ये पैटर्न मोटे तौर पर सच थे लेकिन वहां ऐसी भी महिलाएं थीं जिन्होंने स्पष्ट रूप से संघर्ष किया था. ईएसआई बीमा तक पहुंचने में असमर्थता से लोगों को निजी मेडिकल बिलों का भुगतान करने के लिए महंगा ऋण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा; और प्रमुख निर्यातक कारखानों में काम नहीं करने वाली महिलाओं के लिए परिस्थितियां और वेतन भी अच्छे नहीं थे. फिर भी, बेंगलुरु के परिणाम दिखाते हैं कि यहां महिलाओं को कंबोडिया की तुलना में प्रति घंटे कम वेतन मिलता है लेकिन वे सुरक्षित काम की परिस्थितियों में काम करती हैं और आर्थिक रूप से कम तनावपूर्ण जीवन जीती हैं. ये रिपोर्ट ये भी बताती है कि अन्य उत्पादक क्षेत्रों में क्या हासिल किया जा सकता है.


GARMENT WORKER DIARIES
कार्रवाई करें
वेतन और काम की परिस्थितियों की तुलना करें तो बांग्लादेश और कंबोडिया की तुलना में भारत में साक्षात्कर्ताओं का जीवन बेहतर था लेकिन वे अभी भी दैनिक अन्यायों का सामना करते हैं. सिलाई मशीनों पर कई घंटें बैठने से उन्हें लगातार दर्द होता है और वे खुद को और उनके परिवारों की देखभाल के लिए समय निकालने के लिए संघर्ष करते हैं.
इस रिपोर्ट में प्रस्तुत निष्कर्षों के माध्यम से, हम आशा करते हैं कि अब आप फैशन और रोज़ाना पहनने वाले कपड़ों में लगने वाली मानवीय लागत को समझ गए होंगे.आप इस जानकारी का इस्तेमाल मजदूरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कर सकते हैं. इसके लिए या तो आप ये फैसला कर सकते हैं कि कहाँ से और कैसे खरीदारी करनी है या उनके हितों के बारे में बातचीत करके. एक शुरुआत के रूप में, हम आपको प्रोत्साहित करते हैं कि आप ब्रांड्स को यहां क्लिक करके यह बतायें कि अपने क्या सीखा है. इस रिपोर्ट में योगदान करने वाली 180 महिलाओं को धन्यवाद!

यहां क्लिक